दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 16 दिसम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 358 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## नितिन नबीन ने संभाली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी, दिल्ली में शाह-नड्डा ने किया स्वागत



**नई दिल्ली/पटनाः** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पार्टी मुख्यालय, नई दिल्ली, पहुंचे। बिहार सरकार में मंत्री रहे और अब संगठन में बड़ी जिम्मेदारी संभालने वाले नबीन का पार्टी कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पार्टी मुख्यालय में मौजूद रहे, जहां नितिन नबीन औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति को संगठनात्मक अनुभव और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है।

बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को पार्टी मुख्यालय से निकलते हुए देखा गया। वे वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद लेने जा रहे हैं, इस क्रम में वे सबसे पहले वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी से मिलेंगे। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी उनकी मुलाकात होगी।

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर शुभकामनाएं दीं। डिप्टी सीएम ने इसे बिहार के लिए गर्व का क्षण बताया। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बिहार जैसे राज्य के लिए एक स्वागत योग्य पल है। नितिन नबीन बिहार से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने हैं। यह राज्य के लिए गर्व का क्षण है। डिप्टी सीएम ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'भाजपा के साथ बिहार के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर नितिन नबीन के भाजपा प्रदेश कार्यालय में आगमन पर कार्यकर्तागण द्वारा आयोजित समारोह में स्नेहिल स्वागत किया। बिहार के कर्मनिष्ठ कार्यकर्ता को विश्व के सबसे विशाल राजनैतिक दल का अति महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान करने के लिए पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित समस्त केंद्रीय नेतृत्व का हार्दिक आभार-अभिनंदन है।

निश्चित रूप से नितिन नबीन के कार्यकाल में भाजपा नित नए आयाम स्थापित करेगी। जय भाजपा, जय भारत। बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को कहा कि यह नया दायित्व पार्टी का आशीर्वाद है और उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपने दिवंगत पिता एवं भाजपा के पूर्व विधायक नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

### संजय सरावगी बने बिहार बीजेपी के नए अध्यक्ष



पटना : संजय सरावगी बिहार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। दरभंगा सदर विधानसभा सीट से विधायक संजय सरावगी दरभंगा और मिथिला क्षेत्र के बीजेपी के जाने-माने नेता हैं। वे दरभंगा सदर सीट से लगातार पांच चुनाव जीत चुके हैं। संजय सरावगी का भले ही बिहार में जन्म हुआ और वे अब यहां के बड़े नेता हैं, लेकिन इनके माता-पिता बिहार के मूल निवासी नहीं थे। बिहार में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में संजय सरावगी छठी बार जीते। बीजेपी नेता संजय सरावगी का जन्म 28 अगस्त 1969 को बिहार के दरभंगा शहर में हुआ था। हालांकि उनके परिवार की जड़ें राजस्थान में हैं। उनके पिता परमेश्वर लाल सरावगी राजस्थान के सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ के निवासी थे। वे करीब 56 साल पहले राजस्थान से बिहार आ गए थे। परमेश्वर लाल की दरभंगा में पेपर मील फैक्ट्री थी। दरभंगा में उनका परिवार बस गया और फिर वे यहीं के होकर रह गए।

## कोहरे के इफैक्ट : हाईवे पर हल्के वाहनों की 60 किमी प्रति घंटा रफ्तार की गई फिक्स

### 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अब दौड़ेंगे भारी वाहन

### कम विजिबिलिटी और सड़क हादसे में कमी लाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस का फैसला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मौसम ठंडा हो चुका है और कोहरे ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। ऐसे में हाई-वे पर होने वाले हादसों में कमी लाने और लोगों की जीवन रक्षा के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वाहनों की स्पीड लिमिट को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। जिसके तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी ट्रैफिक द्वारा ईस्टर्न-पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और एनएच पर भारी वाहनों की स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा, तो हल्के वाहनों की स्पीड को 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने का आदेश जारी कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि इस स्पीड लिमिट को इसलिए तय किया गया है ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। वैसे भी आने वाले दिनों में कोहरे का कहर और बढ़ेगा। ऐसे में सड़क हादसे न हों, लोगों की जीवन रक्षा की जा सके, इसीलिए यह फैसला लिया गया है।

### कोहरे में बढ़ जाते हैं सड़क हादसे, इसलिए स्पीड रहेगी कम



**करंट क्राइम :** डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिनेस ने बताया है कि प्रमुख मार्गों पर भारी मोटर वाहनों की स्पीड लिमिट 40 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई है। तो हल्के वाहनों को 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलना है। ईस्टर्न पेरीफेरल-वे पर अधिकतम स्पीड लिमिट 60 कर दी गई है। तो वही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और एनएच-09 पर भी अधिकतम स्पीड को घटाकर कम किया गया है। दरअसल ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि कोहरे और रात्रि के समय विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिसकी वजह से सड़क हादसे अधिक होते हैं।

### 15 दिसंबर से 15 फरवरी तक जारी रहेगी एडवाईजरी

**करंट क्राइम :** सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों की जीवन रक्षा को बढ़ाने के लिए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा 15 दिसंबर की रात 11 बजे से लेकर इसे 15 फरवरी तक के लिए लागू किया गया है। जिसके तहत भारी और हल्के वाहनों की स्पीड तय कर दी गई है। इससे अधिक स्पीड पर चलने वाले वाहनों के ऑटोमेटिक चालान किए जाएंगे। इसके साथ ही यातायात पुलिस ट्रैफिक लिमिट तोड़ने वालों के खिलाफ अभियान भी चलाएगी।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव वाली लिस्ट में गाजियाबाद का नाम ना आने पर गुरुजी हुए दंग

### प्रदेश वालों से लेकर वेस्टर्न वालों पर कस दिया तंज



> गुरुजी ने कहा कि इस बारे में पार्टी आला कमान से भी बात की जायेगी। यह गाजियाबाद जिले की भाजपा के लिए एक सम्मान का विषय है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना था और इसके लिए भाजपा पार्टी प्रोटोकॉल के अनुसार प्रांतीय परिषद के सदस्यों की घोषणा हुई। इसमें गाजियाबाद से भी नाम आये। मगर जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए परिषद सदस्यों की घोषणा हुई तो कमाल ही हो गया। कमल गढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद से भाजपा के एक भी नेता का नाम इस लिस्ट में नहीं आया।

कुल 120 चेहरों के नाम थे, जिनमें हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बागपत, अलीगढ़ से चेहरे थे लेकिन गाजियाबाद के किसी भाजपाई का नाम नहीं था। गाजियाबाद में भाजपा का ऐसा बहुमत है कि यहां जिलापंचायत से लेकर निगम तक भाजपा है। यहां विधानसभा से लेकर विधान परिषद तक भाजपा है। लोकसभा से लेकर राज्यसभा तक भाजपा है। लेकिन इसके बावजूद भी जब नाम नहीं आया तो ये हैरानी का विषय था। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया।

120 सदस्यों की सूचि में एक नाम भी गाजियाबाद से ना आने पर भाजपा के पूर्व सांसद और भाजपा में गुरूजी के नाम से प्रसिद्ध पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने हैरानी व्यक्त की। वो लिस्ट को देखकर दंग रह गये कि एक भी चेहरा गाजियाबाद से नहीं है। इसके बाद गुरूजी ने वेस्टर्न वालों से लेकर प्रदेश वालों पर तंज कसा। वो हैरान थे और उन्होंने कहा कि पार्टी प्रोटोकॉल भी ये कहता है कि लोकसभा से एक नाम आना चाहिए था। यहां पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कितने जिले हैं और ऐसे में गाजियाबाद जिले से कोई नाम नहीं है। गुरूजी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे तो हैरानी इस बात पर है कि गाजियाबाद के साथ ऐसा हुआ।

उन्होंने कहा कि अगर पार्टी के प्रोटोकॉल को भी देखें तो यहां से एक नाम जरूर होना चाहिए था। वरिष्ठता के क्रम से यहां मेरा नाम हो सकता था। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का नाम हो सकता था। वो पूर्व विधायक हैं, पूर्व मंत्री हैं। इसके बाद उन्होंने कहा कि ये सम्मान से जुड़ा मामला है। फिर गुरूजी ने वेस्टर्न वालों से लेकर प्रदेश वालों को निशाने पर लिया। उन्होंने वेस्टर्न और प्रदेश के एक नेता को निशाने पर लेते हुए कहा कि अगर ये चाहते तो ऐसा नहीं होता। इन्होंने दरअसल चाहा ही नहीं और लिस्ट में यहां से कोई नाम ही नहीं भेजा। उन्होंने कहा कि इस बारे में पार्टी आला कमान से भी बात की जायेगी।

गुरूजी ने कहा कि यह राजनीति दायित्व या अन्य किसी सियासी लाभ की बात नहीं है। यह गाजियाबाद जिले की भाजपा के लिए एक सम्मान का विषय है। यहां सभी कार्यकर्ता मेहनत करते हैं और भाजाा के लिए काम करते हैं। ऐसे में अगर यहीं के किसी भाजपाई का नाम लिस्ट में नहीं आयेगा तो यह परिपार्टी ठीक नहीं है। राजनीति में सम्मान बड़ी चीज होता है और इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए था।

## कवि नगर में बुजुर्ग महिला से टप्पेबाजों ने की ठगी

## 50 रुपये धुलाई की फीस बताकर कर दिए लाखों रुपये के कंगन साफ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन इलाके के थाना कवि नगर के राजनगर सेक्टर-5 में टप्पेबाजों ने बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर लाखों रुपये के सोने के कंगन ठग लिए। पीड़िता सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता की पत्नी हैं। शिकायत मिलने के बाद कवि नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को बाइक सवार दो युवक पीतल के बर्तन चमकाने और कंगन साफ करने का बहाना बनाकर बुजुर्ग महिला के पास पहुंचे। आरोपियों ने केमिकल और हल्दी-पानी से बर्तन चमकाने का नाटक किया और महिला को बातों में उलझाकर दोनों हाथों से सोने के कंगन उतरवा लिए। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता के बेटे अनज अग्रवाल ने बताया कि उनकी मां घर के गेट पर टहल रही थीं, तभी दोनों युवक वहां पहुंचे। कुछ देर बाद जब महिला वापस घर लौटीं तो कंगन गायब थे, जिसके बाद ठगी का अहसास हुआ। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

### पहले भी हुई हैं ऐसी वारदातें, पुलिस जांच में जुटी



करंट क्राइम : कवि नगर पुलिस का कहना है कि इस मामले में आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, वहीं स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की गई है। वहीं के पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस तरह की ठगी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी टप्पेबाज अलग-अलग तरीकों से लोगों को निशाना बनाते रहे हैं। कभी खुद को पुलिसकर्मी बताकर जांच के नाम पर गहने उतरवा लिए जाते हैं, तो कभी लुटेरों से बचाने की सलाह देकर जेवर कागज में रखने को कहकर ठगी की जाती है। पुलिस ने नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों से अपील की है कि किसी भी अजनबी पर भरोसा न करें और संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

## सपा पार्षद से अड़ना पड़ गया भाजपा पार्षद को भारी

### निगम ने लगा दिया उसकी लैंड पर बोर्ड और लिख दिया ये जमीन है सरकारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो ये कहा जाता है कि जिनकी पॉवर होती है वो अपने आप में ही टॉवर हो जाते हैं। हुकूमत का करंट उनके लहजे में दौड़ता है। मगर बड़ी विधानसभा में तो बड़ा रोचक किस्सा हो गया। फूल वाले पार्षद को साईकिल वालों से उलझना भारी पड़ गया।

वो उनकी लैंड का बैंड कानून से बजाने की बात कर रहे थे और तीन दिन बाद भाजपा वाले पार्षद की जमीन पर ही सरकारी जमीन का बोर्ड लग गया। सूत्र बताते हैं कि बड़ी विधानसभा में समाजवादी पार्टी के एक नेता जी ने भूखण्ड खरीदा।

नेता जी चुनाव भी लड़ चुके हैं और संगठन के प्रमुख पदाधिकारी भी रहे हैं। उनके साथ एक पार्षद भी थे और पार्षद भी खांटी समाजवादी हैं। कहानी ठीक चल रही थी और जब इन नेताओं ने भूखण्ड खरीदा तो वहां पर भाजपा का पार्षद पहुंच गया। अब सपा नेताओं को पहले तो ये समझ नहीं आया कि भाजपा का पार्षद तहसील का पटवारी है, जो प्लॉट के कागज देखने आया है। या फिर पार्षद जी जीडीए के सुपरवाईजर हैं जो जांच करने आये हैं। अभी वो ये सब अनुमान लगा ही रहे थे कि भाजपा पार्षद ने सपा नेताओं से कहा कि तुम्हारा ये प्लॉट अवैध है। भाजपा पार्षद ने समाजवादी नेताओं की बात नहीं सुनी और उनकी जमीन को एलएमसी की जमीन बता दिया। सूत्र बताते हैं कि पार्षद जी जमीनों के मामले में काफी एक्टिव हैं। मामला प्लाट का हो फ्लैट का हो, उनके पास पूरी अपडेट रहती है। हो सकता है कि पार्षदों को अलग से कोई अधिकार मिला हो कोई प्लाट या फ्लैट खरीदे तो उसे पार्षद से भी एनओसी लेनी हो।

राम तो अपने घर में निवास करते हैं मगर कहानी की हलचल ये है कि फूल वाले का ये दांव उन्हीं को उल्टा पड़ गया। बताया जाता है कि पार्षद जी तो साईकिल वालों की जमीन को एलएमसी की जमीन बता रहे थे लेकिन दो दिन बाद उन्हीं की जमीन पर नगर निगम का बोर्ड टंग गया। जिस जमीन को पार्षद जी अपनी बता रहे थे उस जमीन पर नगर निगम वाले आये और ये बोर्ड लगाकर गये कि यह जमीन एलएमसी की जमीन है। बस सरकार होने का इतना लिहाज रहा कि इस पर ये नहीं लिखा गया कि ये पार्षद जी का प्लाट नहीं है। कमाल ये हो गया कि जिस समाजवादी जमीन को पार्षद जी एलएमसी बता रहे थे उस पर निगम ने कोई बोर्ड नहीं लगाया। लेकिन जब पार्षद जी ने समाजवादियों के प्लाट को अवैध बताया तो दो दिन बाद ही निगम का दस्ता आया। अब भाजपा के पार्षद की जमीन पर एलएमसी जमीन का बोर्ड लग गया है।

## वायु प्रदूषण एक स्थायी संकट : ऑनलाइन क्लास एक सुरक्षा कवच, समाधान नहीं : बालेश्वर त्यागी



> ये समस्या केवल गाजियाबाद की नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास का क्षेत्र उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, नोएडा, हरियाणा, फरीदाबाद, गुरुग्राम और इस परिधि के सारे क्षेत्र प्रभावित होते हैं। दिल्ली सरकार जरूर कभी-कभी इस पर चिंता व्यक्त करती है लेकिन उसके प्रयासों का कोई प्रभाव अभी तक देखने को नहीं मिला है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग ने प्राइमरी स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई करने का आदेश जारी कर दिया है। छोटे बच्चों को हवा में घुले जहर से बचाने के लिए ये एक सुरक्षात्मक प्रयास है। लेकिन ये समाधान नहीं है। पहले तो ये वायु प्रदूषण दीपावली के आसपास मौसम बदलने के समय होता था। एक समय पंजाब उत्तर प्रदेश और हरियाणा में पराली जलाने को इसका बड़ा कारण बताया जाता था। जैसे ही शीत लहरी चलती थी प्रदूषण हवा हवाई हो जाता था। लेकिन लगता है कि अब ये एक स्थाई स्थिति बन गई है। तब फिर क्या स्कूलों में भी ऑनलाइन शिक्षण को स्थाई बनाया जाएगा?? क्या बच्चों और बुजुर्गों को स्थाई रूप से घरों से न निकलने के लिए बाध्य किया जाएगा। क्या यह प्रदूषण पूर्ण वयस्क और युवा को कोई शारीरिक हानि नहीं पहुंचाता है? हानि तो पहुंचाता है लेकिन उसकी क्षमता अधिक है इसलिए उतना दुष्प्रभाव परिलक्षित नहीं होता है। एक तरह से उसकी अनदेखी करना विवशता है।

आखिर सरकार इसका स्थाई समाधान क्यों नहीं खोजती है? ये समस्या केवल गाजियाबाद की नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास का क्षेत्र उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, नोएडा, हरियाणा फरीदाबाद, गुड़गांव और इस परिधि के सारे क्षेत्र प्रभावित होते हैं। दिल्ली सरकार जरूर कभी कभी इस पर चिंता व्यक्त करती है लेकिन उसके प्रयासों का कोई प्रभाव अभी तक देखने को नहीं मिला है।

पिछले दिनों नकली बरसात कराने के प्रयास असफल हो गए। कभी कभी जब समाचार पत्रों में प्रदूषण कम होने का समाचार छपता है तब अधिकारयों के अपने प्रयासों के समाचार जरूर पढ़ने को मिलते हैं।

यह संकट कोरोना से कम नहीं है। बस इतना अंतर है कोरोना के संक्रमण का प्रभाव तत्काल दिखता था लेकिन ये धीमा विष है जो धीरे धीरे जीवन को खा रहा है। आखिर इसको लेकर सरकार के स्तर पर चिंता क्यों नहीं की जा रही है? जब हमारी क्षमता चांद के दक्षिणी ध्रुव पर यान उतारने की है तो क्या हमारे वैज्ञानिक इतने समर्थ नहीं हैं कि इस प्रदूषण का कोई समाधान नहीं दे सकते? या सरकार की दृष्टि में ये कोई गम्भीर समस्या ही नहीं है।



# मनरेगा को खत्म कर ग्रामीण रोजगार पर नया कानून लाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार मनरेगा को खत्म करके नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा को खत्म करने और एक नया कानूनझ्र विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) लाने के लिए संसद में एक बिल पेश किए जाने की संभावना है। पुराना कानून यानी मनरेगा हर साल ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के वेतन रोजगार की कानूनी गारंटी देता है। नए कानून में राज्य सरकारों द्वारा ज्यादा खर्च किया जाएगा और यह मौजूदा काम के दिनों की संख्या को 100 से बढ़ाकर 125 कर देगा।

सरकार ने सोमवार को लोकसभा सदस्यों के बीच यह बिल सकुर्लेट किया, जिसका मकसद विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय विजन के साथ तालमेल बिठाते हुए एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है।



बिल की कॉपी के मुताबिक, इसका मकसद संसद में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025 पेश करना और 2005 के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को खत्म करना है।

**नए कानून में क्या खास होगा ? :** नए विधेयक का मकसद 'एक समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तिकरण, विकास और तरक्की को बढ़ावा देना' भी है। यह नया कानून ग्रामीण विकास ढांचे को 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय नजरिए के साथ ताल-मेल बैठाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

विधेयक की एक प्रति लोकसभा सदस्यों के बीच बांटी की गई है। इस विधेयक को संसद में पेश किया जाना है, जिससे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 को रद्द किया जा सके। यह कदम ग्रामीण रोजगार और आजीविका सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा नीतिगत बदलाव लाएगा।

इस बिल में केंद्र सरकार द्वारा एक सेंट्रल ग्रामीण रोजगार गारंटी काउंसिल बनाने का प्रस्ताव है, जिसमें एक चेयरपर्सन, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि, पंचायती राज संस्थानों, मजदूरों के संगठनों और समाज के कमजोर वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले पंद्रह से ज्यादा गैर-सरकारी सदस्य और भारत सरकार के जॉइंट सेक्रेटरी के पद से नीचे का एक मेंबर-सेक्रेटरी होगा।

# कांग्रेस ने सरकार को मनरेगा से प्रदूषण तक घेरा

## प्रियंका का तीखा सवाल, जयराम रमेश बोले- ग्रैप नाकाफी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सरकार को मनरेगा का नाम बदलने से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति तक पर घेरा है। केरल से निर्वाचित पार्टी सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार से तीखे सवाल पूछे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर मनरेगा का नाम बदलने संबंधी विधेयक पारित कराते समय सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। सरकार का तर्क है कि यह बदलाव 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के तहत है। मनरेगा का नाम बदलने के निर्णय को लेकर केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे सरकार की नीयत क्या है? तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। मनरेगा के अलावा कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपाय- ऋक्रअढ को लेकर सरकार का घेराव किया है।

**महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है ? :** प्रियंका ने संसद परिसर में पत्रकारों के एक सवाल पर कहा, जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में बड़े पैमाने पर बदलाव करने पड़ते हैं। ऐसी गतिविधियों पर सरकार का बहुत पैसे खर्च करती है। उन्होंने सवाल किया कि नाम बदलने का फायदा क्या है? यह सब क्यों किया जा रहा है? महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

**समय बर्बाद हो रहा है, पैसा बर्बाद हो रहा है... :** कांग्रेस सांसद प्रियंका ने कहा, 'महात्मा गांधी को न केवल देश में बल्कि विश्व में सबसे महान नेता माना जाता है; इसलिए उनका नाम हटाने के पीछे का उद्देश्य मेरी समझ से परे है। उनका इरादा क्या है? केरल की वायनाड लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान समय के सदुपयोग का जिक्र करते हुए कहा, 'जब हम बहस करते हैं, तब भी वह अन्य मुद्दों पर होती है, न कि जनता के वास्तविक मुद्दों पर। समय बर्बाद हो रहा है, पैसा बर्बाद हो रहा है, वे खुद को ही परेशान कर रहे हैं।'

**मनरेगा का नाम बदलने पर तृणमूल कांग्रेस ने भी घेरा :** ग्रामीण रोजगार के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना- मनरेगा पर एक अन्य विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। तृणमूल के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि सरकार का यह कदम 'महात्मा गांधी का अपमान' है। उन्होंने कहा, 'ये वही लोग हैं जिन्होंने महात्मा गांधी के हत्यारे की पूजा की थी। वे महात्मा गांधी का अपमान करना चाहते हैं और उन्हें इतिहास से मिटा देना चाहते हैं।

**वाम दल ने भी किया विरोध :** सीपीआईएम महासचिव एमए बेबी ने इसे तथ्य को छिपाने का प्रयास बताया। उन्होंने दावा किया, मनरेगा के पूर्ण पुनर्गठन को लेकर केंद्र सरकार दिखावा कर रही है। तथ्य को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

**मुलाकात**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से की मुलाकात।



**मुलाकात**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात।

# 14 स्थानों पर जाम नियंत्रण के लिए लगाई गई 50 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त फोर्स



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद शहर की आबादी बढ़ रही है। तो पुलिस बल को भी बढ़ाया जा रहा है। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए नए प्रयास किया जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड में बीते दिनों ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए गाजियाबाद के 14 प्रमुख स्थानों से ट्रैफिक जाम अतिक्रमण और कंजक्शन को खत्म करने के लिए नया प्लान बनाया है। इसके तहत ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के रूप में 50 कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। साथ ही यहां एसीपी और टीएसआई सब जोन भी नजर रखने का काम करेंगे। साथ ही जोन, सर्किल और थानावार पुलिस भी यहां की निगरानी रखने का काम करेगी।

### लाल कुआं से लेकर चौधरी मोड़, शिप्रा मॉल, लोनी तिराहा और दुहाई तक बदलेगा जाम

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद में वाहनों की संख्या बढ़ रही है, तो जाम वाली स्थिति भी अधिक रहती है। वाहन सड़कों पर रहते हैं, तो वायु प्रदूषण की स्थिति बिगड़ती है। तो लोगों को परेशान होना पड़ता है। पुलिस कमिश्नर और ट्रैफिक डीसीपी ने मंथन करते हुए नया प्लान बनाया है। इसके तहत लाल कुआं, चौधरी मोड़, नया बस अड्डा, शिप्रा मॉल से एनएच-09 रोड, भारत पेट्रोल पंप, शुक्र बाजार चौक, भोपुरा यू टर्न, लोनी यू टर्न, डासना अंडरपास, दुहाई गांव कट, घूकना मोड, फॉर्च्यून कट राजनगर, अजनारा कट राज नगर एक्सटेंशन, रिवर हाइट गोल चक्कर राजनगर एक्सटेंशन पर एसीपी के साथ ही एएसआई निगरानी रखने का काम करेंगे।



ट्रैफिक जाम ना लगे और लोगों को कम परेशान होना पड़े, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या में कमिश्नर के निर्देश पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को लगाया गया है।

त्रिगुण बिसेन, डीसीपी ट्रैफिक

### बढ़ाई गई है पुलिस कर्मियों की संख्या

**करंट क्राइम :** लाल कुआं पर जहां पहले 9 पुलिस कर्मी रहते थे, तो अब यहां 14 पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। वही चौधरी मोड़ पर 6 तो अब 8, नया बस अड्डा पर 10 तो अब 16, शिप्रा मॉल पर तीन तो अब 7, तो भारत पेट्रोल पंप पर पहलम चार ,नौ, तो शुक्र बाजार चौक पर पहले कोई नहीं रहता था, अब यहां दो पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। वहीं भोपुरा यू टर्न पर पहले 5 और अब 13 लोनी तिराहे पर पहले 11 और अब 15, साथ ही डासना अंडरपास पर पहले तीन और अब छह, दुहाई गांव कट पर पहले दो और अब तीन, घूकना मोड पर पहले दो और पांच, फॉर्च्यून कट पर पहले 5 और अब छह पुलिस वाले लगेंगे। वहीं अजनारा कट राज एक्सटेंशन पर पहले चार तो अब 7 के साथ ही रिवर हाइट्स गोल चक्कर पर भी सात पुलिसकर्मियों को लगाया गया है।

**भाजपा का रथ चला बंगाल की ओर**

# बीजेपी ने बंगाल के लिए बदली रणनीति




**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी रणनीति को नए सिरे से आकार दे रही है। पार्टी इस बार बड़े कार्यक्रमों और हाई-प्रोफाइल राजनीति की जगह डाटा आधारित विश्लेषण, बूथ स्तर की तैयारी और वोट मार्जिन पर फोकस कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक यह रणनीति 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों व 2021 के विधानसभा चुनावों के नतीजों और वोट अंतर (मार्जिन) के गहन अध्ययन पर आधारित है। इसका उद्देश्य उन विधानसभा क्षेत्रों को प्राथमिकता देना है, जहां भाजपा पहले जीत चुकी है या कड़ी टक्कर देती रही है।

**पहले से मजबूत और नई सीटों पर पार्टी का फोकस**

**50 सीटों को भाजपा ने रखा गणना से बाहर :** पार्टी का मानना है कि राज्य में करीब 50 अल्पसंख्यक बहुल सीटें ऐसी हैं, जो संगठनात्मक और सामाजिक कारणों से 'संरचनात्मक रूप से कठिन' हैं। इन सीटों को पार्टी ने अपनी मुख्य चुनावी गणना से अलग रखा है। ये ऐसी सीटें हैं, जहां बूथ एजेंट तैनात करना, संगठनात्मक उपस्थिति बनाए रखना और स्थानीय नेटवर्क का मुकाबला करना लगातार चुनौतियां पेश करता है। इस वास्तविकता से लड़ने के बजाय, पार्टी ने ऐसी सीटों को अपने मुख्य चुनावी गणित से बाहर रखने का फैसला किया है।

भाजपा का तर्क है कि जब इन 'मुश्किल' सीटों को अलग कर दिया जाता है, तो सत्ता तक पहुंचने का रास्ता छोटा और स्पष्ट हो जाता है। राज्य भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य के मुताबिक बंगाल के लोग बदलाव चाहते हैं, क्योंकि वे टीएमसी के कुशासन से तंग आ चुके हैं। हम नई सीटों पर और उन क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे, जहां हम पहले जीत चुके हैं या पिछले कुछ चुनावों में स्थिर वोट शेयर बनाए रखा है, या बढ़त हासिल की है।

अपनी आंतरिक आकलन के अनुसार, पार्टी ने 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों और 2021 के विधानसभा चुनावों में 60 विधानसभा क्षेत्रों में या तो जीत हासिल की या बढ़त बनाई। अन्य 40 सीटों पर उसने तीन में से दो चुनावों में ऐसा किया। इसके अलावा भाजपा ने इसी अवधि में 60 और क्षेत्रों में कम से कम एक जीत या बढ़त दर्ज की।

**कुल 294 में से पार्टी की 162 सीटों पर नजर :** पार्टी नेता के मुकाबिक कुल मिलाकर, ये 160 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बनते हैं।

# शहर की ग्रीनरी बढ़ाने में जुटा नगर निगम ग्रीन बेल्ट व चौराहों का सौंदर्यकरण

### लगातार हो रहे हैं कार्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर की हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज और प्रमुख चौराहों पर पौधारोपण किया जा रहा है। डेट पाम, रॉयल पाम, फीनिक्स पाम, हमेलिया, चांदनी, लिली सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों से शहर के प्रमुख मार्गों को सुंदर बनाया जा रहा है।

नगर निगम के पांचों जोनों में लगभग 25 से 30 स्थानों पर ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज को हरा-भरा किया जा रहा है। कवि नगर, वसुंधरा, सिटी और मोहन नगर जोन सहित अन्य क्षेत्रों में यह कार्य तेजी से चल रहा है। उद्यान विभाग के अनुसार, शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाना निगम की प्राथमिकता है। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से भी अपील की है कि वे अपने घरों की बालकनी, गार्डन, टेरेस और किचन गार्डन में पौधे लगाकर इस अभियान में सहभागी बनें।









# वायु गुणवत्ता सुधार पर गाजियाबाद नगर निगम की कार्रवाई केंद्रीय मंत्री के समक्ष प्रस्तुत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर में वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर नगर निगम द्वारा की जा रही युद्धस्तरीय कार्रवाइयों और आगामी योजनाओं को साझा किया। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि सड़कों को धूल मुक्त बनाने, रोड स्वीपिंग, एंटी-स्मॉग गन और वॉटर स्प्रिंकलर के माध्यम से वायु प्रदूषण नियंत्रण के कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में नगर निगम द्वारा 13 रोड स्वीपिंग मशीन, 18 एंटी-स्मॉग गन और 42 वॉटर स्प्रिंकलर का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज और निगम भूमि पर व्यापक पौधारोपण किया जा रहा है। आगामी योजनाओं में 20 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीनरी विकास, 150 करोड़ रुपये से पक्की सड़कों का निर्माण और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से शहर को जाम मुक्त बनाने की योजना शामिल है। जनवरी से आईटीएमएस की शुरूआत कर डी-कंजेशन को बढ़ावा दिया जाएगा।कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री सहित उपस्थित अधिकारियों ने गाजियाबाद नगर निगम की वायु गुणवत्ता सुधार पहल की सराहना की।

# भाजपा ने ममता की तुलना हिटलर से की सोशल मीडिया पोस्ट से उठा सियासी तूफान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में गर्माहट तेज है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी अपने चरम पर है। इसी बीच पश्चिम बंगाल भाजपा की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने राज्यभर की राजनीति में एक नए सियासी तूफान को जन्म दे दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा कटाक्ष करते हुए उनकी तुलना जर्मनी के शासक एडोल्फ हिटलर से की। साथ ही ममता बनर्जी को बंगाल का तानाशाह बताते हुए लिखा 'तानाशाह तिलमिला गया है'।

बता दें कि ये पूरा मामला तब का है, जब भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर साझा की। उस तस्वीर में मोर्फिंग के जरिए जर्मनी के शासक हिटलर और ममता बनर्जी की तस्वीर को एक साथ दिखाया गया। फोटो के ऊपर लिखा 'दोनों एक जैसे हैं'।



### बंगाल में एसआईआर पर जारी है बयानबाजी

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक पार्टियों के बीच बयानबाजी कोई नई बात नहीं। इन दिनों राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर भी भाजपा और टीएमसी के बीच रस्साकशी जारी है। इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बाद कि वे एसआईआर के लिए फॉर्म नहीं भरेंगी, भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ममता बनर्जी जनता को भ्रमित कर रही हैं, जबकि सच यह है कि उन्होंने 11 दिसंबर 2025 को अपना पूरा भरा और हस्ताक्षरित फॉर्म चुनाव अधिकारियों को सौंप दिया।

मालवीय के मुताबिक कृष्णनगर की रैली में यह कहने के कुछ घंटों बाद ही उन्होंने अपना फॉर्म जमा कर दिया था।

भाजपा नेता का दावा है कि बंगाल की जनता ने ममता की अपील को नजरअंदाज किया और बड़ी संख्या में लोगों ने समय पर एसआईआर फॉर्म भर दिए, इसलिए चुनाव आयोग को राज्य में समय सीमा बढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

# श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर विश्वामित्र ताड़का प्रसंग का विस्तृत वर्णन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार स्थित श्री सत्यानारायण मंदिर में चल रही श्री रामकथा के तीसरे दिन कथा स्थल पूरी तरह भक्तिमय माहौल में बदल गया। कथा व्यास परम श्रद्धेय पं. श्रीकांत पाण्डेय ने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से ऋषि विश्वामित्र के चरित्र और ताड़का वध की महिमा को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे विश्वामित्र ने धर्म की रक्षा के लिए बाल स्वरूप भगवान श्री राम को यज्ञ रक्षा के लिये साथ लिया और ताड़का जैसे अधर्मी के नाश से समाज को यह संदेश दिया कि जब जब अधर्म बढ़ता है, तब तब धर्म की स्थापना के लिये प्रभु अवतरित होते हैं।

यजमान एवं प्रसाद आज के कथा के यजमान ब्यूटी विमलेश कुमार रहे, जिन्होंने परिवार सहित कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रसाद अजय गोयल (गोयल डिपार्टमेंटल स्टोर) की ओर से सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।


प्रमुख अतिथि कथा में पं. रामसजीवन शुक्ला, सबिता प्रदीप मित्तल, एम. पी. शर्मा, ध्रुव कुमार, लल्लन सिंह, बंसल, सियाराम सिंह, पवन अग्रवाल, सुषमा ईश्वर गोयल, वीरेंद्र सिंह सेंगर आदि सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# राम मंदिर आंदोलन में भूमिका निभाने वाले डॉ रामविलास दास वेदांती का निधन

### अयोध्या लाया जाएगा वेदांती का पार्थिव शरीर

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डॉ रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा मध्य प्रदेश में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 77 वर्षीय रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन में अहम योगदान रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी थे। वह 1996 व 1998 में दो बार सांसद भी रहे हैं।

उनका पार्थिव शरीर देर शाम तक अयोध्या पहुंचेगा। मंगलवार की सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की संभावना है।



**सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि :** डॉ.वेदांती के निधन पर सीएम योगी ने श्रद्धांजलि दी है।

**NAME CHANGED**

I, Dolly Sharma R/O Officer City–1, L Block–308,Rajnagar Extension, Ghaziabad,have changed my name to Aadya Sharma.Henceforth, I shall be known as Aadya Sharma for all purposes.

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...




करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Pooja Tiwari is feeling blessed at Kalyan, Mumbai.
13h ·

सुप्रभात मित्रो, #ॐ_नमः_शिवाय

🙏🙏#मन_में_हो_तुम🙏🙏... See more





# देश की सबसे बड़ी विधानसभा में दावेदारी की दस्तक

# अभी चल रहा है सीन शांत लेकिन चुनाव से पहले दिखेंगे यहां कई मस्तक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में बड़े नता अकसर ये कहते हैं कि टिकट मांगने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। सिटिंग सांसद, सिटिंग विधायक के सामने टिकट मांगना कोई अनुशासन हीनता नहीं है। टिकट मांगना कार्यकर्ता का अधिकार है। संगठन किसे टिकट देता है ये उसका विवेक है। यह सीट के समीकरण हैं और यह राजनीतिक दल की नेतृत्व की सहमति पर निर्भर करता है। वर्ष 2027 के चुनावी रण में देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद से कौन से चेहरे साहिब-ए-दावेदार होंगे आज बात इस पर। राजनीति में हर नेता की अपनी हसरत होती है और इस हसरत को पूरा करने के लिए सारी कसरत होती है। सिटिंग है तो क्या हुआ अपनी सियासत की निटिंग तो सभी करते हैं, ताना और बाना तो सभी बुनते हैं। सबसे बड़ी विधानसभ साहिबाबाद है और यहां दावेदारों की एक फैहरिस्ट है। मौजूदा समय में यहां से भाजपा के सुनील शर्मा विधायक हैं। यहां विधानसभा का गठन होने के बाद सबसे पहले विधायक अमरपाल शर्मा रहे और फिर उसके बाद लगातार सुनील शर्मा यहां से विधायक हैं। ये एक ऐसी विधानसभा है जहां चुनाव की दस्तक सुनाई देते ही कई मस्तक सामने आते हैं। यहां से कभी ईडी वाले साहब का नाम चलता है तो कभी पूर्व डीआईजी का नाम चलने लगता है। कभी किसी राष्ट्रीय नेता के नाम पर चर्चा होती है तो कभी किसी बड़े कवि का नाम सुर्खियों में आने लगता है। कभी भोजपुरी की लोकगायिका का नाम भी चला था। कभी यूथ आईकन की चर्चा होती है। ये सीट भाजपा की सबसे सेफ सीट में मानी जाती है। विधानसभा की बात करें तो पूरे देश में ये एक मात्र विधानसभा है जहां से भाजपा को सबसे बड़ा जनादेश मिला है। भाजपा की ये इतनी सेफ सीट है कि लोकसभा चुनाव में ये तय कर देती है कि जीत का मार्जन कितना होगा। यही वजह है कि बड़े चेहरे यहां चुनाव के लिए चर्चा में आते हैं। इस सीट के बारे में कहा जाता है कि केवल टिकट भाजपा का हो तो उम्मीदवार अगर सिम्बल मिलने के बाद नामांकन दाखिलकर कहीं जायेगा भी नहीं तो भी वो चुनाव जीत जायेगा। क्योंकि यहां वोट कमल के नाम पर मिलते हैं। यहां चुनावी जंग भी टिकट के लिए है।

चुनाव का ईयर शुरू हो रहा है और ऐसे मे कौन सा चेहरा यहां से सम्भावित दावेदार हो सकते हैं आज बात इन पर होगी। यहां से फिलहाल सुनील शर्मा विधायक हैं और वो उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। लेकिन जो चेहरे यहां दावेदारी की रेस में बताये जाते हैं आज उनके फेस पर चर्चा होगी।



## चलता है यहां से चुनावी चेहरे के रूप में यूथ आइकॉन नीरज भइया का नाम

करंट क्राइम। नीरज सिंह भाजपा के एक लोकप्रिय नेता हैं। उनका गाजियाबाद से एक आत्मीय कनैक्शन है। इसलिए कहा ये जाता है कि अगर यहां के भाजपाईयों की फोनबुक देखी जाये तो उसमें नीरज सिंह का नाम नीरज भईया के नाम से सेव मिलेगा। नीरज सिंह एक्टिव रहते हैं। और जब से ठाकुर कार्ड की चर्चा चली है तब से साहिबाबाद सीट पर ठाकुर राजनीति एक्टिव हुई है। नीरज सिंह की टीआरपी यहां ये है कि वो हर चुनाव में यहां प्रचार के लिए आते हैं। उनकी स्वीकारिता है कि लोग उन्हें जनसभाओं से लेकर अपने पारिवारिक कार्यक्रमों में बुलाते हैं। सियासी जानकार मानते हैं कि अगर ठाकुर कार्ड और ठाकुर फैक्टर पर मजबूती से मंथन हो गया तो ये चेहरा सबको चौंका सकता है।



## सियासत के हर दाव में यहां हैवी वेट हैं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

करंट क्राइम। देश की सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे बड़े विजेता सुनील शर्मा हैं। सुनील शर्मा यहां मौजूदा विधायक हैं और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। वो लगातार दूसरी बार यहां से विधायक हैं। देश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीते हैं। कहने वाले कहते हैं कि उनके सामने कोई दावेदारी करे लेकिन यहां की हर सियासी गतिविधि पर उनकी पहरेदारी रहती है। वो मंडल की राजनीति में भी इन्वॉल्व रहते हैं। यही वजह है कि यहां के दस में से दस मंडल अध्यक्ष उनकी गुडबुक के नाम हैं। पूर्वांचल समाज से लेकर उत्तरांचल समाज तक सुनील शर्मा की मजबूत पकड़ बताई जाती है। कहने वाले कहते हैं कि उन्होंने अपने टिकट को जब इतने विषम सीन के बावजूद सेव कर लिया था तो फिर उनका ही फेस यहां दावेदारी में बनता है। भाजपा के चुनावी चेहरों में सुनील शर्मा एक मजबूत चेहरा हैं। जब चुनावी दावेदारी का समय आयेगा तो यहां सुनील शर्मा किस तहर से दावेदारों के इस जाल से खुद को सेफ करेंगे और अपने टिकट को सेव करेंगे, ये समय बतायेगा। फिलहाल वो यहां सियासी चाणक्य के रूप में सबसे मजबूत बताये जाते हैं।



## मृणालिनी सिंह का भी चाहते हैं समर्थक बेस

करंट क्राइम। अगर सियासी कर्मभूमि की बात करें और इसे जनसेवा से जोड़कर चलेंतो यहां मृणालिनी सिंह का नाम भाजपा के लिए नया नहीं है। उनके पिता जनरल वीके सिंह लगातार दो बार यहां से सांसद रहे हैं। इस कार्यकाल के दौरान कई ऐसे मामले हैं जब मृणालिनी सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मृणालिनी दीदी बनकर उनकी मद्द की। एडमिशन से लेकर ईलाज तक कई मद्द के मामले हैं। बड़ी बात ये है कि मृणालिनी सिंह हमेशा एक जज्बे के साथ काम करती रही हैं। उनका नाम गाजियाबद की सियासत में कई बार चुनावी चेहरे के रूप में चर्चा में आता है। हालाकि मृणालिनी सिंह ने कभी खुद को राजनीतिक चेहरे के रूप में नहीं रखा। लेकिन उनकी सक्रियता, उनका मद्द करने का जज्बा और उनका लहजा उन्हें लोकप्रिय बनाता है। ठाकुर फैक्टर का ये फेस भी चुनावी रेस का हिस्सा है।

## पूर्व मेयर आशा शर्मा के नाम पर चलने लगी है चर्चा

करंट क्राइम। आशा शर्मा भाजपा की मूल कार्यकर्ता हैं। संगठन से लेकर जनप्रतिनिधि का सफर तय किया है। वो पार्षद रही हैं, मेयर रही हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि टीआरपी की वो साहिबा कही जाती हैं। लोकप्रियता का ये आलम है कि उन्हें आधी भाजपा की दीदी और आधी भाजपा की बुआ कहा जाता है। पूर्व होने के बाद भी उनकी सक्रियता में कोई कमी नहीं आयी है। सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में लगातार एक्टिव हैं। ब्राह्मण चेहरे के रूप में उनका नाम भी यहां से दावेदारी के लिए चलता है। 2027 के चुनावी रण में ये फेस भी अपने लाईफ टाईम भाजपाई समर्पण और सियासी सक्रियता के बेस पर दावेदारी का फेस होगा।





## क्या इस बार भी दफ्तर लेकर करेंगे अजय शर्मा आगाज

करंट क्राइम। अजय शर्मा एक्टिव भाजपाई हैं और वो संगठन में कई पदों पर रहे हैं। मेयर दावेदारी में भी उन्होंने ताल ठोकी थी और साहिबाबाद सीट से तो उन्होंने जमकर दावेदारी की थी। बाकायदा यहां दफ्तर खोल लिया था और दावेदारी की रेस में रहे थे। एक बार फिर अजय शर्मा के नाम पर भी चर्चा है और अब कहने वाले यही कह रहे हैं कि क्या इसबार भी अजय शर्मा यहां चुनावी दफ्तर खोलेंगे। क्या वो फिर से उतने ही जूनून के साथ दावेदारी करेंगे। एक्टिव कार्यकर्ता हैं और दावेदारी बनती है।



## दिखायेंगे क्या शक्ति और करेंगे समाधान यहां से पप्पू पहलवान

करंट क्राइम। साहिबाबाद की अगर जमीनी राजनीति के चेहरों की बात हो तो पप्पू पहलवान के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता। उनकी पत्नी पहले भी पार्षद रही हैं और अब भी पार्षद हैं। जनाधार के मामले में पप्पू पहलवान का नाम यहां टॉप पर आता है। वो भीड़ की समस्या का समाधान अपनी शक्ति से करते हैं। अब सवाल यही है कि क्या पप्पू पहलवान वार्ड की सीमा से आगे निकलकर विधानसभा में रणभेरी बजायेंगे। बिरादरी यहां कोई फैक्टर नहीं है क्योंकि भाजपा अब नये प्रयोग के दौर से गुजर रही है और ऐसे में जातीय समीकरण अब भाजपा के लिए कोई विषय नहीं हैं। सक्रियता, भीड़ और चुनाव ताकत अगर मानक है तो यहां भाजपा का ये चेहरा दावेदारी में आता है। विधानसभा में अगर गुर्जर कार्ड को मौका मिला तो वार्ड का ये चेहरा विधानसभा में अपनी ताकत दिखाने का दम रखता है।



## समर्पण , सक्रियता का बेस बनाता है मानसिंह गोस्वामी को दावेदारी का फेस

करंट क्राइम। चुनावी चेहरों की बात हो रही है तो ऐसे में भाजपा के उस चेहरे की बात होगी जो सक्रियता, समर्पण के फ्रेम में मजबूती के साथ आता है। ये चेहरा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी का है। मानसिंह गोस्वामी भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं, वो क्षेत्रीय टीम में हैं। एक ऐसे कार्यकर्ता जो पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए महीनों तक घर बार छोड़कर पार्टी द्वारा दिये गये स्थान पर डेरा डाल लेते हैं। पश्चिम बंगाल से लेकर वेस्टर्न यूपी के शहरों में पार्टी द्वारा दिये गये दायित्व को संभालते हैं। चुनाव प्रचार में दिन रात एक कर देते हैं। राजनीतिक कौशल को जानते है और अपने विनम्र व्यवहार को लेकर कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय हैं। दावेदारी की रेस में यह फेस भी मजबूती से अपनी दखल रखता है।



## सरदार सिंह भाटी को मिलेगा क्या चुनाव लड़ने का मौका

करंट क्राइम। पुरानी भाजपाई पृष्ठ भूमि है और अनेक दायित्वों पर काम किया है। नगर निगम पार्षद रहे हैं और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। साहिबाबाद विधानसभा में एक्टिव रहते हैं और ठाकुर राजनीति में उनका रेसपोंस लाईनपार से लेकर नदियापार तक दिखाई देता है। बीते दिनों उन्होंने कुछ आयोजन भी ऐसे कराये। निगम से लेकर वो संगठन का काम संभाल चुके हैं। सक्रिय राजनीति करते हैं और परिवर्तन के इस दौर में नये प्रयोग की सूचि में ये नाम भी दावेदारी में आता है। पुराने भाजपाई हैं और अपने सफल ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर विधानसभा की दावेदारी बनती है।



## सरकारी अस्पताल वाले योगेश त्रिपाठी की दावेदारी

करंट क्राइम। योगेश त्रिपाठी भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी रहे है। साहिबाबाद की राजनीति में उनका नाम तब चर्चा में आया था जब उन्होंने वसुन्धरा क्षेत्र में सरकारी अस्पताल के लिए जमीन तलाश ली थी। हालाकि बाद में जमीन तो वहीं रही लेकिन अस्पताल वाली फाईल गुम हो गयी। योगेश त्रिपाठी साहिबाबाद की राजनीति का हिस्सा हैं, ब्राह्मण चेहरा हैं और उनका नाम भी दावेदारी में अकसर आता है।



## कितना माईलेज मिलेगा मनोज गोयल को दावेदारी के सफर में

करंट क्राइम। मनोज गोयल भाजपा के पार्षद रहे हैं और मौजूदा समय में उनकी पत्नी पार्षद हैं। राजनीति में एक्टिव रहते हैं और अपनी बात को मुखरता से रखते हैं। हाउस टैक्स मुददे पर बढ़चढकर आगे रहे हैं। क्षेत्र में भी उनकी लोकप्रियता है और उनके समर्थक उन्हें विधानसभा का चुनावी फेस मानते हैं। मनोज गोयल बेबाक तरीके से अपनी बात रखते हैं। सियासी रूप से कर्मठ हैं और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमेशा जागरूक रहते हैं। वार्ड में अपनी ताकत का जलवा वो अपनी पत्नी के चुनाव में दिखा चुके हैं। नयी दावेदारी के क्रम में मनोज गोयल भी यहां से दावेदार वाली लिस्ट में आते हैं।






## दावेदारी का तराना पूर्व पार्षद तेजपाल राणा

करंट क्राइम। तेजपाल राणा पूर्व पार्षद हैं और वो विधानसभा की दावेदारी का बिगुल पहले भी बजा चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में भी टिकट मांगा था और जमकर प्रचार किया था। दावेदारी में रहे थे। अब जब एक साल बात चुनाव का दौर आयेगा तो जाहिर है कि ये चेहरा फिर से दावेदारी के फ्रेम में आयेगा। साहिबाबाद की दावेदारी का चेहरा हैं। दावेदारी का आगाज होगा और कितना सफल रहेंगे ये समय बतायेगा।

# कैबिनेट व राज्य मंत्री से संवाद, जनप्रतिनिधियों से तालमेल–पुलिस कमिश्नरेट की नई कार्यशैली

## बीते लगभग 45 दिनों में हुई कई जनप्रतिनिधियों से मुलाकात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में लगातार पहल की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से लेकर स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप तक से मुलाकातें हुई हैं, वहीं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद भी निरंतर कायम है।



नवंबर माह में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के बीच राजनगर स्थित मंत्री के आवास पर मुलाकात हुई थी। बैठक में कानून-व्यवस्था, पुलिस-जनप्रतिनिधि समन्वय और समय-समय पर संयुक्त कार्यक्रमों के आयोजन पर विस्तार से चर्चा हुई। इसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला, जब नवंबर में जनप्रतिनिधियों के साथ अनौपचारिक संवाद के लिए चाय पर चर्चा जैसे कार्यक्रम शुरू किए गए, जो दिसंबर माह में भी जारी हैं।

## शनिवार को हुई अहम बैठक



करंट क्राइम : सूत्रों के अनुसार शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री (पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग सशक्तिकरण) नरेंद्र कश्यप और पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के बीच विजयनगर स्थित गेस्ट हाउस में बैठक हुई। इसमें कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई की प्रभावशीलता, आपसी संवाद और बेहतर तालमेल पर चर्चा की गई। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नर जनप्रतिनिधियों से नियमित रूप से संवाद बनाए हुए हैं, ताकि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

## थाना से चौकी स्तर तक संवाद कार्यक्रम जारी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों के मुताबिक यह पहल केवल पुलिस कमिश्नर स्तर तक सीमित नहीं है। इसके पुलिस के डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ-साथ अब चौकी स्तर पर भी संवाद कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें भाजपा सहित अन्य प्रमुख दलों के जनप्रतिनिधि—पार्षद और मंडल अध्यक्ष तक—शामिल किए जा रहे हैं। उद्देश्य स्पष्ट है, इससे बेहतर समन्वय, समय रहते सूचना साझा करना और किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति या राजनीतिक टकराव से बचाव। पुलिस कमिश्नर का मानना है कि नियमित संवाद और पारदर्शिता से न केवल जनविश्वास बढ़ेगा, बल्कि शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था भी और मजबूत होगी।

# एक बात चाहते हैं आपको बताना, अजय शर्मा का भी है प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से कनेक्शन पुराना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा हो गयी और भाजपा में बधाई का सैलाब आया हुआ है। इन सबके बीच करंट क्राइम ने ये सवाल उठाया था कि गाजियाबाद के भाजपाईयों का पंकज चौधरी से पुराना संबंध नहीं है। तर्क दिया था कि अब तक संबंध पुराने होते तो पंकज चौधरी को फेसबुक पर बधाईयों के तराने होते। लेकिन जब ऐसा दिखाई नहीं दिया तो करंट क्राइम ने इस विषय पर खोज की और इस कड़ी में पूर्व राज्यसभा सांसद डा. अनिल अग्रवाल ने माईलेज लिया। उन्होंने पुराने दिनों का फोटो जारी किया। संबंध को दैनिक करंट क्राइम से साझा भी किया और बताया कि ये उन दिनों की बात है जब प्रदेश अध्यक्ष बने पंकज चौधरी और मैं दोनों सांसद हुआ करते थे। कई बार हमने संसद की कैंटीन में लंच किया। अकसर मुलाकातें होती थी। पुराने संबंधों की कहानी में नया मोड आया है। अब इस कड़ी में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, क्षेत्रीय मंत्री और वर्तमान में प्रदेश संयोजक अजय शर्मा का भी फोटो सामने आया। अजय शर्मा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से पुराने संबंध हैं और ये क्या कनैक्शन है इसे लेकर करंट क्राइम ने अजय शर्मा से बात की। तब अजय शर्मा ने इस कनैक्शन को साझा किया और कहा कि जब पंकज चौधरी महाराज गंज से चुनाव लड़ रहे थे तब मैं वहां संगठन की ओर से चुनाव प्रभारी की ओर से दायित्व संभाल रहा था। इसी दौरान हम दोनों का परिचय हुआ और कई रैलियों में हम साथ रहे। सबसे खास बात ये रही कि गाजियाबद के अजय शर्मा शपथ ग्रहण समारोह में तो साथ रहे ही जब भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी दिल्ली आये तो अजय शर्मा भी उनके साथ फलाईट में ही थे। फ्लाइट नम्बर 1877 से दोनों साथ आये। अजय शर्मा ने करंट क्राइम से बात चीत में ये कहा कि ये परिचय पुराना है और जब उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मेरी मुलाकात हुई तो सबसे पहले उन्होंने मिलते ही हाल चाल पूछा और फिर वर्तमान में संगठन में दायित्व के बारे में पूछा।



## दैनिक करंट क्राइम की पुरानी खबर के साथ अजय शर्मा ने की नयी याद ताजा

करंट क्राइम। अजय शर्मा ने दैनिक करंट क्राइम की पुरानी खबर से इस बात को पुख्ता किया कि वो फरेन्दा में चुनाव प्रबंधन की बागडोर संभाल रहे थे। उन्होंने एक पुराना फोटो और खबर के साथ नयी याद को साझा किया। ये खबर की कटिंग और तस्वीरें इस बात पर मोहर लगा रही हैं कि वाकई संबंध पुराना है। अजय शर्मा जो बता रहे हैं वो अकसर सत्य है। अजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी वास्तव में एक बहुत ही लोकप्रिय नेता हैं और बेहद व्यवहार कुशल हैं। वो लगातार महाराज गंज से 7 बार सांसद रहे हैं। उनकी लोकप्रियता और उनके सरल और अच्छे व्यवहार का परिचायक है। अजय शर्मा ने दावा किया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में भाजपा आने वाले चुनावों में प्रचंड बहुमत से सरकार बनायेगी।


फरेन्दा में चुनाव प्रबंधन की बागडोर में छाये अजय शर्मा

## संपादकीय


# अव्यवस्था ने बिगाड़ा आयोजन

निश्चित तौर पर लोगों के धीरज खोकर अराजक होने को उचित नहीं कहा जाएगा, लेकिन यह भी तथ्य है कि आयोजकों की लापरवाही की वजह से स्टेडियम में अराजकता छाई, जिसका अंजाम त्रासद भी हो सकता था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कोई खिलाड़ी अगर किसी आयोजन के तहत लोगों के बीच जाता है, तो उम्मीद की जाती है कि वहां हर स्तर पर चाक-चौबंद व्यवस्था होगी। कार्यक्रम का स्वरूप पूरी तरह ठोस और मुकम्मल होगा तथा सुरक्षा-व्यवस्था में कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी। मगर कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यात फुटबाल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी जब पहुंचे, तो आयोजकों की अदूरदर्शिता और अव्यवस्था की वजह से वहां व्यापक अराजकता फैल गई।

यह हैरानी की बात इसलिए है कि लियोनेल मेस्सी की लोकप्रियता और उनके प्रशंसकों के बीच उन्हें देखने को लेकर दीवानगी के बारे में तस्वीर पहले ही साफ थी। फिर मेस्सी के कार्यक्रम की रूपरेखा ऐसी क्यों बनाई गई, जिसकी वजह से उन्हें देखने आए लोगों के बीच आक्रोश भड़का। गौरतलब है कि मेस्सी अपने भारत दौरे के क्रम में कोलकाता आए थे और वहां स्टेडियम में वे अपने प्रशंसकों से मिलने गए थे। मगर वहां उनके आसपास कई नेता और अन्य लोग इस तरह मौजूद थे कि वे एक तरह से वहां गुम हो गए और दर्शकों के लिए उन्हें देखना मुश्किल हो गया। इस पर लोगों के भीतर गुस्सा पैदा हुआ और उन्होंने तोड़फोड़ मचाना शुरू कर दिया। आखिर मेस्सी को वहां से बाहर निकलना पड़ा। सवाल है कि आयोजकों ने इस बात को क्यों भुला दिया कि वहां स्थानीय से लेकर बाहर से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मेस्सी को सिर्फ देखने के लिए अगर पांच हजार से पच्चीस हजार रुपए तक की टिकट खरीदी है, तो वादे के अनुरूप व्यवस्था का ध्यान रखा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर लोगों के धीरज खोकर अराजक होने को उचित नहीं कहा जाएगा, लेकिन यह भी तथ्य है कि आयोजकों की लापरवाही की वजह से स्टेडियम में अराजकता छाई, जिसका अंजाम त्रासद भी हो सकता था। इस घटना के बाद स्वाभाविक ही वहां की कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार पुलिस और पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा।

अगर आयोजन और वहां पहुंचे लोगों के मकसद को ध्यान में रख कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाती और एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने का इंतजाम किया जाता, तो शायद ऐसी नौबत नहीं आती।

## रोचक तथ्यों का करंट



- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।>
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।
- बिल्ली के हर कान में 32 मसल्स होते हैं।
- पर्थ ऑस्ट्रेलिया का ऐसा शहर है जहां सबसे तेज हवा बहती है।
- इंसान की सबसे छोटी हड्डी कान में होती है।
- बिल्लियां अपनी जिंदगी का 66% हिस्सा सोते हुए गुजारती हैं।
- स्विट्जरलैंड में दुनिया में सबसे अधिक चॉकलेट खाई जाती है। यहां हर व्यक्ति एक साल में 10 किलो के औसत से चॉकलेट खाता है।
- पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।

# वैश्विक संकेतों की कमजोरी से शेयर बाजार फिसला सेंसेक्स-निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 54.30 अंक गिरकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 19.65 अंक गिरकर 26,027.30 अंक पर आ गया।

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुझान और लगातार विदेशी निधियों की निकासी के चलते सोमवार को इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों का कहना है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता ने भी निवेशकों की भावना पर नकारात्मक प्रभाव डाला। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 54.30 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 427.34 अंक या 0.50 प्रतिशत गिरकर 84,840.32 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.65 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 26,027.30 अंक पर बंद हुआ।



### रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ

रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 90.80 पर आ गिरा और अंत में 90.74 (अस्थायी) के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर स्थिर हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स सूची में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, अदानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, टाइटन और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियों में से थीं। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर, ट्रेंट, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि लगातार विदेशी निधि की निकासी और कमजोर रुपये ने बाजारों को एक सीमित दायरे में रखा है, और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर स्पष्टता आने तक मुद्रा अस्थिरता जारी रहने की संभावना है।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में तेजी देखी गई। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 61.21 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.15 प्रतिशत बढ़कर 61.21 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,114.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,868.94 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 449.53 अंक या 0.53 प्रतिशत चढ़कर 85,267.66 पर बंद हुआ। निफ्टी 148.40 अंक या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 26,046.95 पर पहुंच गया।

# नवंबर में थोक महंगाई में सुधार खुदरा मुद्रास्फीति में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक (हढक) के आधार पर महंगाई दर में नवंबर में बढ़त देखने को मिली है। इस दौरान थोक महंगाई घटकर (-) 0.32 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अक्तूबर में यह (-)1.21 प्रतिशत के स्तर पर दर्ज की गई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में थोक मूल्य सूचकांक (हढक) आधारित महंगाई दर में सुधार दर्ज किया गया है। नवंबर में थोक महंगाई (-)0.32 प्रतिशत रही, जो अक्तूबर में (-)1.21 प्रतिशत थी। वहीं, पिछले साल नवंबर में यह दर 2.16 प्रतिशत दर्ज की गई थी। आंकड़ों के अनुसार, महीने-दर-महीने आधार पर दालों और सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली, जिससे थोक महंगाई में कुछ सुधार हुआ।

उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नवंबर 2025 में महंगाई दर का नकारात्मक स्तर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बेसिक मेटल्स के निर्माण और बिजली की कीमतों में कमी के कारण बना रहा। आरबीआई मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर नजर रखकर ही ब्याज दरों का निर्धारण करता है।



### खुदरा महंगाई में हुई मामूली वृद्धि

पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों से पता चला है कि खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण नवंबर में सीपीआई में मामूली वृद्धि हुई और यह रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25 प्रतिशत से बढ़कर 0.71 प्रतिशत हो गई।

### आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती की

चालू वित्त वर्ष में कम मुद्रास्फीति ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को नीतिगत ब्याज दरों में 1.25 प्रतिशत अंकों की कटौती की है। रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरूआत में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को पहले के 2.6 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया, क्योंकि अर्थव्यवस्था में तेजी से मुद्रास्फीति में कमी जारी है।

# भारत-ईयू एफटीए वार्ता में प्रगति
## अमेरिका से व्यापार रूपरेखा भी अंतिम चरण में



**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत आगे बढ़ रही है और दोनों पक्ष मतभेदों को कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं। अग्रवाल ने अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता पर भी कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) टीम की हालिया यात्रा अहम रही है और दोनों देश एक साझा रूपरेखा के काफी करीब पहुंच चुके हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को लेकर अहम बात कही। उन्होंने कहा कि हम मतभेदों को कम कर रहे हैं और अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष बैठकें होंगी। अग्रवाल ने कहा कि हम अब तक लगभग 14 दौर की बातचीत कर चुके हैं। ईयू की टीम दिसंबर में पूरे एक सप्ताह तक यहां थी और दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि करीब आने पर मतभेद सामने आते हैं। इसलिए, अब हम उन्हें कम करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कई मुद्दों पर सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

### अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार वार्ता को लेकर कहीं ये बात

सचिव ने अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार वार्ता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) टीम की हालिया यात्रा महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे हमारे व्यापारिक संबंधों का जायजा लेने में मदद मिली। हम रूपरेखा तैयार करने में बहुत करीब हैं। इसे संभवत: थोड़े समय में पूरा कर लिया जाएगा। मैं बातचीत समाप्त होने तक की कोई समयावधि नहीं बताऊंगा।

# मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने की तैयारी

## लोकसभा में पेश होगा विधेयक 2025



**नई दिल्ली।** सरकार लोकसभा में मनरेगा कानून को निरस्त कर ग्रामीण रोजगार के लिए एक नया विधेयक पेश करने की तैयारी में है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 के जरिए 2005 के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को समाप्त करने का प्रस्ताव है।

ग्रामीण रोजगार से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 को निरस्त कर उसकी जगह नया कानून लाने से संबंधित विधेयक लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस नए विधेयक का नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक, 2025 है। विधेयक के अनुसार, इसका उद्देश्य ह्यविकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का एक नया ढांचा तैयार करना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए तैयार हों, प्रत्येक वित्त वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। यह विधेयक संसद में पेश किए जाने के लिए लोकसभा की पूरक कार्यसूची में शामिल किया गया है। विधेयक के लागू होने की स्थिति में 2005 का कानून समाप्त हो जाएगा और ग्रामीण रोजगार व आजीविका से जुड़े प्रावधान नए कानून के तहत संचालित किए जाएंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलाव हुए हैं- कृषि मंत्री

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रस्तावित विधेयक के उद्देश्य और कारणों के बयान में कहा है कि मनरेगा ने पिछले 20 वर्षों में ग्रामीण परिवारों को सुनिश्चित मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब इसमें और मजबूती लाने की जरूरत महसूस की जा रही है। मंत्री के अनुसार, बीते वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलाव हुए हैं। व्यापक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार और सरकार की प्रमुख योजनाओं के संतृप्ति-आधारित क्रियान्वयन के चलते ग्रामीण परिदृश्य में बदलाव आया है, जिसके अनुरूप रोजगार से जुड़ा नया और सशक्त ढांचा आवश्यक हो गया है।

# डेलॉइट रिपोर्ट: वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय फैमिली बिजनेस मजबूत

**नई दिल्ली।** डेलॉइट की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय फैमिली बिजनेस मजबूत बने हुए हैं और भविष्य को लेकर आशावादी हैं।

वर्ष 2024 में 63 प्रतिशत से अधिक पारिवारिक कारोबारों ने दोहरे अंकों की राजस्व वृद्धि दर्ज की, जबकि 2025-26 के लिए 75 प्रतिशत कंपनियां 15 प्रतिशत से ज्यादा ग्रोथ का लक्ष्य रख रही हैं। भारतीय फैमिली बिजनेस मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मजबूत लचीलापन और भविष्य को लेकर जबरदस्त भरोसा दिखा रहे हैं। डेलॉइट की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 63 प्रतिशत से ज्यादा पारिवारिक कारोबारों ने साल 2024 में दोहरे अंकों की राजस्व वृद्धि हासिल की है। इतना ही नहीं, 2025-26 को लेकर भी तस्वीर काफी सकारात्मक है, जहां 75 प्रतिशत फैमिली एंटरप्राइज 15 प्रतिशत से अधिक ग्रोथ का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

### भारतीय फैमिली बिजनेस अब केवल पारंपरिक मॉडल पर निर्भर नहीं

डेलॉइट प्राइवेट की फैमिली बिजनेस इनसाइट्स सीरीज 2025 रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय फैमिली बिजनेस अब केवल पारंपरिक मॉडल पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि टेक्नोलॉजी, नए बाजारों और आधुनिक गवर्नेंस के जरिए लंबी अवधि की ग्रोथ की नींव रख रहे हैं। रिपोर्ट के लिए 36 देशों के 1,587 फैमिली बिजनेस का सर्वे किया गया, जिनमें भारत की 50 कंपनियां शामिल थीं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

राकेश- यार तू अपनी बीवी को किस नाम से बुलाता है?
रमेश- गूगल
राकेश- ये कैसा नाम हुआ।
रमेश- क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब 100 मिलते हैं।

---

पिता- नालायक, तू फिर फेल हो गया, आज से कभी मुझे पापा मत कहना
टीटू- ओह कमऑन डैड, स्कूल टेस्ट ही तो था, कोई डीएनए टेस्ट थोड़ी न था।

---

टीचर: पप्पू, क्लास में खड़े क्यों हो?
पप्पू: मैडम, नींद आ रही थी।
टीचर: तो बैठ जाते!
पप्पू: बैठकर तो पक्की नींद आ जाती!

16 12 2025 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन




सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





## शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव के खराब फॉर्म पर अभिषेक ने कहा

# ये दोनों टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को जिताएंगे

**धर्मशाला।** भारतीय ओपनर और मौजूदा विश्व नंबर-एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले सीनियर बल्लेबाजों शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव का खुलकर समर्थन किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दोनों बल्लेबाजों के बल्ले से बड़ी पारियां नहीं निकल पाई हैं, लेकिन अभिषेक का मानना है कि बड़े मंच पर यही खिलाड़ी भारत के लिए मैच जिताने वाले साबित होंगे।

**सीरीज में आंकड़े फीके, भरोसा मजबूत**

सीरीज के पहले तीन मैचों में शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं। धर्मशाला में भारत की सात विकेट की जीत में गिल की 28 रन की पारी अब तक दोनों में से किसी का सर्वोच्च स्कोर रही है। इसके बावजूद अभिषेक ने उनकी फॉर्म को लेकर उठ रहे सवालों




**सीरीज का चौथा टी20 बुधवार को लखनऊ में खेला जाएगा। भारत की कोशिश बढ़त को और मजबूत करने की होगी, जबकि शुभमन और सूर्यकुमार पर सबकी निगाहें रहेंगी।**

को सिरे से खारिज कर दिया।

**अभिषेक बोले: मैंने इन्हें बहुत करीब से देखा है**

मैच के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा, 'मैं आपको एक बात साफ-साफ कहता हूं। मुझ पर भरोसा रखिए, ये दोनों खिलाड़ी वर्ल्ड कप में और उससे पहले भी मैच जिताएंगे। मैं इनके साथ लंबे समय से खेल रहा हूं, खासकर शुभमन के साथ। मुझे पता है कि वह किन हालात में मैच जिता सकता है।' अभिषेक ने यह भी कहा कि उन्हें शुरू से ही गिल पर पूरा विश्वास रहा है और जल्द ही फैंस भी इसे महसूस करेंगे।

**ओपनिंग जोड़ी ने रखी जीत की नींव**

तीसरे टी20 में 118 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक और गिल की ओपनिंग जोड़ी ने भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने सिर्फ 5.2 ओवर में 60 रन जोड़े। अभिषेक ने 18 गेंदों में तेज 35 रन बनाए, जबकि गिल ने 28 गेंदों में 28 रन की धीमी पारी खेली। सूर्यकुमार 12 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने यह लक्ष्य 15.5 ओवर में हासिल कर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली।

**गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन**

हालांकि मैच की असली कहानी भारत के तेज गेंदबाजों ने लिखी। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए अर्शदीप सिंह (2/13), हर्षित राणा (2/34) और हार्दिक पांड्या (1/23) ने स्विंग का शानदार इस्तेमाल किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 117 रन पर सिमट गई, जो इस पिच पर काफी कम स्कोर साबित हुआ।

**सूर्यकुमार का जवाबः फॉर्म नहीं, रन नहीं आ रहे**

मैच के बाद सूर्यकुमार यादव से उनकी फॉर्म को लेकर सवाल किया गया, जिस पर कप्तान ने आत्मविश्वास से भरा जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मैं नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं जो मेरे नियंत्रण में है, वह कर रहा हूं। रन आएंगे तो जरूर आएंगे। मैं आउट ऑफ फॉर्म नहीं हूं, बस अभी रन नहीं बने हैं।'

## हार्दिक पांड्या की उपलब्धि पर

## गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा ने लुटाया प्यार






**मुंबई।** हार्दिक पांड्या की यह उपलब्धि सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं रही। मैदान पर संघर्ष, रिकॉर्ड और बाहर से मिला प्यार, इस सबने इस दिन को उनके करियर का एक यादगार अध्याय बना दिया।

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है। रविवार को उन्होंने सबसे छोटे फॉर्मेट में 100 विकेट पूरे कर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 1000+ रन, 100+ छक्के और 100+ विकेट पूरे किए हैं। हार्दिक यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले फास्ट-बॉलिंग ऑलराउंडर बन गए हैं, जिसने उनकी अहमियत को और खास बना दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर गर्लफ्रेंड/पार्टनर माहिका शर्मा ने भी प्यार लुटाया है।

**एलीट क्लब में हार्दिक की एंट्री**

इस खास क्लब में हार्दिक पांड्या अब जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी और मलेशिया के वीरंदीप सिंह जैसे नामों के साथ खड़े हैं। हार्दिक ने 123 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.78 की औसत से 100 विकेट पूरे किए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/16 रहा है।

इस मुकाबले में हार्दिक ने तीन ओवर में सिर्फ 23 रन देकर एक विकेट लिया। बल्लेबाजी की बात करें तो वह अब तक 122 मैचों में 1939 रन, 141.53 के स्ट्राइक रेट और 101 छक्कों के साथ टी20 क्रिकेट में अपनी आक्रामक पहचान बना चुके हैं।

**गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा ने लुटाया प्यार**

मैदान पर इतिहास रचने के बाद सोशल मीडिया पर भी हार्दिक पांड्या छा गए। उनकी गर्लफ्रेंड/पार्टनर माहिका शर्मा ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए हार्दिक की इस उपलब्धि पर भावुक और प्यार भरा संदेश साझा किया।

## दिल्ली में मेसी की जय शाह से मुलाकात, आईसीसी अध्यक्ष ने टी20 विश्व कप के लिए दिया निमंत्रण




**नई दिल्ली।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी ने सोमवार को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुलाकात की।

इस दौरान शाह ने उन्हें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए निमंत्रण दिया और टिकट भेंट की।

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी आज दिल्ली में हैं और यह उनके GOAT इंडिया टूर का तीसरा और अंतिम दिन है। अरुण जेटली स्टेडियम में हो रहे इस कार्यक्रम में मेसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह से मुलाकात की।

इस दौरान शाह ने दिग्गज फुटबॉलर को अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए निमंत्रण दिया और टिकट भेंट की।

## स्क्वाश विश्व कप जीतने वाला पहला एशियाई देश बना भारत

## फाइनल में हांगकांग को हराकर जीती ट्रॉफी

**चेन्नई।** भारतीय स्क्वाश के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह जैसी स्टार खिलाड़ियों से सजी टीम ने हांगकांग को हराकर पहली बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया।

भारतीय टीम ने स्क्वाश विश्व कप का खिताब पहली बार जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत ने फाइनल में हांगकांग को एकतरफा अंदाज में 3-0 से हराया और चैंपियन बनने में सफल रहा। इसके साथ ही भारत स्क्वाश विश्व कप जीतने वाले एशिया का पहला देश बन गया है। भारत ने इस वैश्विक टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया और विजेता बनने में सफल रहा।

**भारतीय स्क्वाश के लिए ऐतिहासिक दिन**

भारत का इससे पहले विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था। भारत ने हालांकि, इस बार हर बाधा को पार किया और अपना दबदबा बनाया। यह खिताबी जीत भारतीय स्क्वाश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा।

**बिना कोई मैच गंवाए भारत ने जीता खिताब**

टूनामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्त्र को 3-0 से हराया। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज जोशना चिनप्पा ने 37वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली का यी पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत से फाइनल



में भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह (विश्व रैंकिंग में 29) ने 42वें स्थान पर काबिज एलेक्स लाउ को 3-0 से, जबकि 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज टोमाटो हो को इसी अंतर से हराकर भारत के लिए खिताब पक्का कर दिया।

## मेसी से मुलाकात के बाद सचिन के पोस्ट से 'GOAT टूर' हुआ अमर

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर और लियोनल मेसी की मुलाकात ने खेलों की सीमाएं तोड़ दीं, जहां सम्मान और विनम्रता सबसे बड़ी जीत बनकर उभरी। दो अलग-अलग युग और दो अलग खेल, लेकिन एक ही भावना- यह पल भारतीय खेल इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में लियोनेल मेसी से मुलाकात के बाद सचिन तेंदुलकर का सोशल मीडिया पोस्ट सिर्फ एक कैप्शन नहीं रहा, बल्कि भावनाओं से भरा वह पल बन गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। सचिन ने लिखा, 'कहना पड़ेगा, आज का दिन 10/10 रहा...लियो मेसी'। यह महज एक लाइन था, लेकिन इसके पीछे छुपी थी दो महान खिलाड़ियों के बीच आपसी सम्मान, खेल की भाषा और पीढ़ियों को जोड़ने वाली भावना।

जब क्रिकेट बनाम फुटबॉल की बहस थम गई

रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट और फुटबॉल के बीच अक्सर होने वाली तुलना और बहसें पूरी तरह थम गईं। मैदान पर मौजूद हर शख्स इस बात का गवाह बना कि खेल किसी एक जर्सी या खेल तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह दिलों को जोड़ता है। सचिन तेंदुलकर और लियोनल मेसी, दो अलग खेलों के दो सबसे बड़े नाम एक मंच पर थे और यह पल भारतीय खेल इतिहास के सबसे बड़े क्रॉसओवर में तब्दील हो गया।




### '10 नंबर' का भावनात्मक अर्थ

सचिन ने मेसी को अपनी साइन की हुई टीम इंडिया नंबर 10 जर्सी भेंट की। यह सिर्फ एक जर्सी नहीं थी, बल्कि दो महान खिलाड़ियों के करियर, संघर्ष और उपलब्धियों का प्रतीक थी। मेसी, जो अर्जेंटीना के लिए नंबर 10 पहनते हैं, ने बदले में सचिन को फुटबॉल भेंट कर सम्मान का जवाब दिया। यह आदान-प्रदान खेल भावना की सबसे सुंदर तस्वीर बन गया।

### सचिन बोले : यह मुंबई और भारत के लिए स्वर्णिम क्षण है

मंच से बोलते हुए सचिन तेंदुलकर भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि वानखेड़े उनके लिए सिर्फ एक मैदान नहीं, बल्कि सपनों की मंजिल रहा है। उन्होंने 2011 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत को याद करते हुए कहा कि दर्शकों के समर्थन के बिना वे सुनहरे पल संभव नहीं थे। सचिन ने मेसी, लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल की मौजूदगी को मुंबई, मुंबईकरों और पूरे देश के लिए 'गोल्डन मोमेंट' बताया।

मेसी के बारे में बोलते हुए सचिन ने कहा, 'उनके खेल पर बात करने के लिए यह मंच छोटा पड़ जाएगा। उन्होंने सब कुछ हासिल किया है। हम उनके समर्पण, मेहनत और सबसे बढ़कर उनकी विनम्रता की सराहना करते हैं।' सचिन ने मेसी और उनके परिवार के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना भी की और युवाओं को प्रेरित करने के लिए उनका धन्यवाद किया। वानखेड़े स्टेडियम, जिसने 2011 वर्ल्ड कप, विराट कोहली की 50वीं वनडे सेंचुरी जैसे ऐतिहासिक पल देखे, उस दिन संगीत, फुटबॉल, क्रिकेट, बॉलीवुड और राजनीति के संगम का गवाह बना।

## गेंदबाजों के बाद अभिषेक का दिखा दम

**धर्मशाला।** भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 में हरा दिया। धर्मशाला में भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और उसने इस मैदान पर टी20 में जीत की हैट्रिक लगा ली है।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट कर दी थी। भारत ने फिर 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। अभिषेक ने 18 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 35 रन बनाए। भारत ने इसके साथ ही धर्मशाला में जीत की हैट्रिक लगा ली है। भारत ने धर्मशाला के इस मैदान पर लगातार तीसरा टी20 मुकाबला जीता है।

## शेफाली बनीं नवंबर की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी

**दुबई।** शेफाली वर्मा अब 21 दिसंबर से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाली श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में नजर आएंगी।

क्रिकेट में कुछ पारियां ऐसी होती हैं, जो सिर्फ स्कोरकार्ड तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि इतिहास बन जाती हैं। शेफाली वर्मा की वर्ल्ड कप फाइनल पारी भी कुछ ऐसी ही रही। आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को नवंबर 2025 के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में शेफाली ने बल्ले और गेंद दोनों से मैच की तस्वीर बदल दी और भारत के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए टीम को पहला क्ळउ महिला वर्ल्ड कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

फाइनल में शेफाली का प्रभावी प्रदर्शन




खिताबी मुकाबले में शेफाली वर्मा ने पारी की शुरूआत करते हुए 87 रनों की शानदार पारी खेली। यह न सिर्फ उनका वनडे करियर का सर्वोच्च स्कोर रहा, बल्कि तीन साल से ज्यादा समय बाद आया पहला अर्धशतक भी था। शेफाली ने स्मृति मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की, जिसने भारत को मजबूत नींव दी।

दबाव के सबसे बड़े मंच पर शेफाली का यह संयमित लेकिन आक्रामक प्रदर्शन भारत के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

**बल्ले के बाद गेंद से भी दिखाया दम**

शेफाली ने सिर्फ बल्लेबाजी से ही नहीं, बल्कि गेंदबाजी से भी अपनी उपयोगिता साबित की। उन्होंने 7 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट झटके और दक्षिण अफ्रीका की मजबूत बल्लेबाजी को झकझोर दिया। उनका शिकार बनीं अनुभवी बल्लेबाज सुने लूस और मरिजाने कैप, जिससे प्रोटियाज टीम दबाव में आ गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर का शेफाली को गेंद थमाने का फैसला पूरी तरह सही साबित हुआ और भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 246 रनों पर समेट दिया।

आसान नहीं थी शेफाली की राह

वर्ल्ड कप जीतने वाली शेफाली की कहानी आसान नहीं रही। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ 10 रन बनाने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराया, और शेफाली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# इन पांच अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर रहेगी सबकी नजर

**अबू धाबी।** आईपीएल का इतिहास गवाह है, जहां मौका मिलता है, वहां सितारे जन्म लेते हैं। औकिब की स्विंग, प्रशांत की ऑलराउंड काबिलियत, अशोक की रफ्तार, फुलेत्रा की दुर्लभ स्पिन और कार्तिक की सिक्स हिटिंग पावर, इनमें से कोई भी खिलाड़ी आईपीएल 2026 में कहानी बदल सकता है।

इंडियन प्रीमियर लीग सिर्फ एक क्रिकेट टूनामेंट नहीं, बल्कि सपनों को पहचान देने वाला मंच है। यही वह लीग है जिसने कभी आर अश्विन, हार्दिक पांड्या, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों को वैश्विक पहचान दिलाई। हर सीजन के साथ आईपीएल नई कहानियां गढ़ता है और अनकैप्ड खिलाड़ियों को वह मौका देता है, जो घरेलू क्रिकेट की सीमाओं से बाहर निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकते हैं।

आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में भी कहानी कुछ ऐसी ही होने वाली है। आइए नजर डालते हैं उन पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों पर, जो इस ऑक्शन में बड़ा नाम बन सकते हैं।




**1. औकिब नबी: स्विंग से डेथ ओवर्स तक का सफर**

जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी (औकिब डार के नाम से रजिस्टर्ड) पिछले कुछ सत्रों से घरेलू क्रिकेट में लगातार विकेट चटकाते आए हैं। शुरूआत में एक पारंपरिक स्विंग गेंदबाज रहे औकिब ने हाल के समय में अपने खेल में डेथ ओवर्स की धार जोड़ ली है, जिसने उनकी वैल्यू कई गुना बढ़ा दी है। हालिया सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनके आंकड़े इस बदलाव की गवाही देते हैं।

**2. प्रशांत वीर: क्या उरङ को मिल गया जडेजा का रिप्लेसमेंट?**

20 वर्षीय प्रशांत वीर, बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर, पहली बार यूपी टी20 लीग में नोएडा सुपर किंग्स के लिए चर्चा में आए थे। इसके बाद उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। हाल के हफ्तों में प्रशांत ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई से लेकर कोलकाता तक में लगातार मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 170 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाए। साथ ही नौ विकेट भी लिए। उनका इकोनॉमी रेट 6.76 का रहा। इन आंकड़ों ने बता दिया है कि शायद जल्द ही वह किसी आईपीएल टीम हिस्सा बन सकते हैं।

**3. अशोक शर्मा: रफ्तार, सुधार और सही समय**

राजस्थान के तेज गेंदबाज अशोक शर्मा लगातार 140 किमी/घंटा से ऊपर की गति से गेंद फेंकने का दमखम रखते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज में सात मैचों में उन्होंने 19 विकेट चटकाए। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 12.10 का और इकोनॉमी रेट 8.84 का रहा। पेस बॉलर्स ढूंढ रही फ्रेंचाइजी इस गेंदबाज को खरीद सकती हैं। केकेआर और राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा रहने के बावजूद उन्हें अब तक आईपीएल डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन इस बार माहौल अलग है। लगता है इंतजार खत्म होने वाला है।

**4. क्रेन्स फुलेत्रा: दुर्लभ कला, बड़ा आकर्षण**

लेफ्ट-आर्म रिस्ट स्पिनर दुनिया भर में गिने-चुने हैं और यही बात क्रेन्स फुलेत्रा को खास बनाती है। सौराष्ट्र के लिए महज दो टी20 मैच खेलने वाले फुलेत्रा को सनराइजर्स हैदराबाद ने नेट बॉलर के तौर पर चुना था। एक तकनीकी वजह से वह एडम जैम्पा के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में नहीं आ सके, लेकिन उससे पहले ही उनकी प्रतिभा पहचानी जा चुकी थी। खास बात यह कि सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने खुद उनका नाम फ्रेंचाइजी को सुझाया था। अब कम से कम दो आईपीएल टीमें उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उनके लिए सवाल क्षमता का नहीं, सही समय का है।

**5. कार्तिक शर्मा: छक्कों का नया सौदागर**


महज 19 साल के कार्तिक शर्मा एक ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनकी पहचान है बड़ी-बड़ी हिट लगाना। लोअर ऑर्डर फिनिशर के तौर पर उनका नाम तेजी से चचाओं में आया है। उन्होंने अब तक 12 टी20 मैचों में 164 के स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 28 छक्के लगाए। उन्हें जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने अपने साथ भी जोड़ रखा है। इसके अलावा केविन पीटरसन और आर अश्विन जैसी हस्तियों से उन्हें तारीफ भी मिल चुकी है। राजस्थान की टीम के लिए उनकी फिनिशिंग ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई।

## लखीमपुर खीरी में खेल महोत्सव का आगाज

### नौ दिन तक होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं



**लखीमपुर खीरी।** क्रीड़ा भारती एवं नगर पालिका परिषद लखीमपुर के संयुक्त तत्वावधान में शहर के शहीद नसीरुद्दीन मेमोरियल मैदान में लखीमपुर खेल महोत्सव (सीजन-2) का नौ दिवसीय आयोजन शुरू हो गया। सोमवार को खेल महोत्सव की शुरूआत गर्ल्स क्रिकेट मैच से हुई। इससे पहले महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक योगेश वर्मा, एसएसपी पवन गौतम, पालिका अध्यक्ष डॉ.इरा श्रीवास्तव ने दीप जलाकर किया। बाद में मूक वधिर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष व खेल महोत्सव के संयोजक कपिल श्रीवास्तव ने बताया कि इस नौ दिवसीय इस खेल महोत्सव में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स सहित कई रोमांचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।




# मधुबन बापू धाम योजना से प्रभावित किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए समिति गठित : नंद किशोर कलाल

## किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने प्राधिकरण उपाध्यक्ष से की मुलाकात, कार्य में गतिरोध न उत्पन्न करने का दिया आश्वासन

**○ प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार की अध्यक्षता में समिति गठित**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मधुबन बापू धाम योजना से प्रभावित किसानों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अपनी मांगों को रखते हुए एक मांग पत्र प्राधिकरण उपाध्यक्ष को सौंपा।

मुलाकात के दौरान किसानों ने यह आश्वासन दिया कि उनके स्तर से किसी भी विकास योजना में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं किया जाएगा तथा वे सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्राधिकरण को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने संबंधित बिंदुओं के परीक्षण एवं समाधान हेतु प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। उन्होंने समिति को निर्देश दिए कि वह शीघ्रातिशीघ्र सभी बिंदुओं पर विचार कर अपना अभिमत प्रस्तुत करे, ताकि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

प्राधिकरण द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि किसानों के हितों की रक्षा करते हुए विकास कार्यों को पारदर्शिता एवं समन्वय के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

# कलेक्ट्रेट पर गरजे पेंशनर्स : एडीएम प्रशासन को सौंपा तीन सूत्री मांग पत्र

**प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स को लाभ देने की मांग की गई**






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेवा निर्मित कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति एवं सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन गाजियाबाद के तत्वावधान में एक ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपा गया। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित है तथा इसमें तीन राष्ट्रीय स्तर की मांगे कर्मचारियों ने रखी है जिसमें प्रमुख है आठवीं वेतन आयोग में पेंशनर को भी लाभ दिया जाए एडीएम प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त किया।
बड़ी संख्या में कर्मचारी कलेक्ट्रेट की गेट पर एकत्र हुए उसके बाद में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर में प्रदर्शन किया तथा अपना तीन सूत्री मांग पत्र एडीएम प्रशासन को दिया और उनसे प्रार्थना की की इस विज्ञापन को अतिथि प्रधानमंत्री भारत सरकार को प्रेषित करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हितेश राजवंशी जिला अध्यक्ष राजेंद्र जैन, जिला मंत्री शरद कुमार, जिला अध्यक्ष रवीश कुमार, जिला मंत्री वी के अग्रवाल, सुरेंद्र पाल त्यागी, विक्रम दत्त शर्मा, सेंसर पाल सिंह, प्रेमलाल, राजेंद्र सिंह, सतीश कुमार, कृष्णपाल, नरेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, त्यागी कैलाश चंद, गजराज सिंह, ओमवीर सिंह, विष्णु दत्त, बी श्रीवास्तव, रमेश चंद्र, कांति प्रसाद सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। हितेश राजवंशी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपना जोश ठंडा ना होने दिया जो मांग उन्होंने उठाई है वह मांगें लेकर रहेंगे। विक्की अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा जोश हमें हमारी मांग दिलवाने में सहायक होगा।

# संत निरंकारी सत्संग भवन हापुड़ में रक्तदान शिविर

## 135 श्रद्धालुओं ने निःस्वार्थ भाव से किया रक्तदान





**गाजियाबाद/हापुड़, करंट क्राइम।** मानवमात्र के कल्याण के उद्देश्य से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के दिव्य मार्गदर्शन में ब्रांच हापुड़ के संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें मिशन से जुड़े 135 श्रद्धालु भक्तों ने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्त संग्रहण के लिए लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज, मेरठ तथा गुरु तेग बहादुर अस्पताल, दिल्ली के ब्लड बैंक की चिकित्सक टीम शिविर में मौजूद रही। पूरी प्रक्रिया चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई। शिविर के दौरान प्यारे लाल शर्मा अस्पताल, मेरठ के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. रविन्द्र गोयल ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक सेवा बताया।

### सेवा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**करंट क्राइम।** संत निरंकारी मिशन देशभर में रक्तदान जैसे सेवा अभियानों में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अब तक मिशन द्वारा 1833 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिनके माध्यम से लगभग 14,46,883 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। मिशन समाज उत्थान से जुड़ी अनेक परियोजनाओं के माध्यम से निष्काम सेवा की भावना के साथ निरंतर कार्य कर रहा है।

# नई दिल्ली रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली में गाजियाबाद से पहुंचे थे हजारों कार्यकर्ता





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली में गाजियाबाद से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। इस महारैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद प्रियंका गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संबोधित किया। काफी समय बाद कांग्रेस की ओर से रामलीला मैदान में की गई रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। गाजियाबाद से गए कार्यकताओं का कहना है कि रामलीला ग्राउंड से 4 किलोमीटर तक पैदल चलने की जगह नहीं थी। मैदान पूरी तरह भरा हुआ था। रैली में राहुल गांधी के निशाने पर चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह थे। इस रैली के जरिए राहुल गांधी ने कार्यकताओं में जोश भरा।

उन्होंने कहा कि जब तक बीजेपी और आरएसएस सत्ता में है तब तक वह शक्तिशाली है। गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि जिले से कम से कम 20 बसों से भरकर कार्यकर्ता रामलीला मैदान गए थे। इनमें मोदी नगर से 2 बसें, डासना से 2 बसें, खोड़ा कॉलोनी से 2 बसें, मुरादनगर से 2 बसें, संजय नगर से 2 बसें, लोनी से चार बसें, साहिबाबाद से 4 बसों में भरकर कार्य करता दिल्ली रामलीला मैदान गए थे। इसके अलावा कार्यकर्ता निजी वाहनों से और मेट्रो से भी रामलीला मैदान पहुंचे थे। डासना की बस की जिम्मेदारी आबिद अली एवं इरफान अहमद की थी। वही मोदीनगर नीरज प्रजापति पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तथा राशिद अली की जिम्मेदारी, लोनी से अजय शर्मा मेजर बाबू खान महफूज अली पर बस की जिम्मेदारी रही। मुरादनगर से नेम त्यागी व अश्वनी त्यागी बस की जिम्मेदारी संजय नगर से थी। इसके अलावा 2 बसें महिला जिला अध्यक्ष डोली त्यागी से, एक बस प्रदीप कंसल गाजियाबाद जनपद से, अन्य फ्रंटल संगठन की ओर से भी कार्यकताओं को ले जाया गया था। गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव द्वारा महानगर के 100 वार्ड में सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं को रामलीला मैदान ले जाया गया। पूर्व सांसद के पुत्र विधानसभा प्रत्याशी सुशांत गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र कसाना, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक, शिवदत्त अदना, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता श्रीपाल जिगन, गौरव त्यागी, नईम खान, चौधरी भीष्म सिंह, अरशद प्रधान, जगदीश सैनी, हरिओम गुप्ता डीआर सैफी, लोकेश चौधरी आदि अपने वाहनों से रैली स्थल पर पहुंचे थे।

# कांग्रेस ने सरदार पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया याद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को देश के प्रथम पूर्व गृहमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने स्व.पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने स्व. सरदार पटेल के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वो एक अच्छे राजनेता थे। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार में गृहमंत्री के रूप में सरदार पटेल का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा था। आज ही के दिन 15 दिसंबर 1950 को उनका निधन हुआ था।

कार्यक्रम में मौजूद जिला कोषाध्यक्ष अश्विनी त्यागी व राजाराम भारती ने श्रद्धांजलि देते हुए विचार व्यक्त किए। अन्य नेताओं सुरेंद शर्मा, अमित गोयल, एजाजू, राजीव शर्मा, आफाक अहमद आदि ने भी सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# गाजियाबाद में गूंजा भक्ति का स्वर : बाबा श्री हरनंदेश्वर मंदिर में भव्य संकीर्तन श्रृंखला का आयोजन

## कार्यक्रम साध्वी कैलाश गिरी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन मोक्ष धाम स्थित बाबा श्री हरनंदेश्वर महाकालेश्वर मंदिर में रविवार को एक विशेष संकीर्तन श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यह अद्भुत कार्यक्रम साध्वी कैलाश गिरी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत में भोलेनाथ का फूलों के द्वारा मनोहारी श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रबंधन द्वारा सभी उपस्थित भक्तों का विशेष सम्मान किया गया, जिसमें उन्हें पटखा व शाल भेंट कर, तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुनील कक्कड़ ने संकीर्तन की अविस्मरणीय आनंद की अद्भुत अनुभूति का अहसास व्यक्त किया। संकीर्तन का प्रारंभ सुनील कक्कड़ ने अपने गुरुदेव मुरलीधर मल्होत्रा का स्मरण करते हुए महामंत्र 'हरे कृष्ण हरे कृष्ण...' से किया। सुनील कक्कड़ जी ने संतों की वाणी का सुन्दर गायन किया, जिसमें 'ये वो दौर है यहां आने से तकदीरें बदलती है' और 'भोला भंडारी रे बाबा' जैसे मधुर भजन शामिल रहे। भक्तों को ऐसा महसूस हुआ मानो उनके गुरुदेव स्वयं सामने बैठकर आशीर्वाद प्रदान कर रहे हों।

मुकेश भारद्वाज ने 'सियाराम जय राम जय जय राम' और 'आरंभ भी तू अन्त भी तू, महादेव महादेव' राम धुनें गाईं। बहन वर्षा ने 'श्री राधा वल्लभ श्री हरिवंश धुन' समर्पित की। भाई विवेक हंस जी ने 'हे शम्भू बाबा, हे भोलेनाथ' भजन प्रस्तुत किया। बिटिया प्रकाश ने गुरु वंदना से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में साध्वी महंत कैलाश गिरी महाराज ने स्वयं भोलेनाथ और बांके बिहारी के भजन गाकर समां बांध दिया। उन्होंने 'बाबा मेरी रक्षा करना भोले मेरी रक्षा करना' और 'मेरे बांके बिहारी पिया चुरा दिल मेरा लिया' जैसे भक्ति गीत प्रस्तुत किए। साध्वी जी द्वारा गाए गए 'हरि वादा ते कर गए आवंण दा...' भजन पर सभी भक्तों ने मिलकर 'ओम नमः शिवाय' की धुनी रमाई।

श्री नारायण संकीर्तन मंडल के सभी रसिकों ने अपनी मधुर वाणी में बाबा श्री हरनंदेश्वर महादेव के चरणों में बहुत ही सुन्दर भाव समर्पित किए। संकीर्तन की समाप्ति के बाद, विधिवत आरती की गई और सभी उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# उमा डी सिंह निर्विरोध चुनी गईं बधिर महिला फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद बधिर महिला फाउंडेशन में उमा डी सिंह निर्विरोध चुनी गई। संस्था के राकेश मार्ग कार्यालय पर चुनाव रखा गया जिस में पूरा पैनल निर्विरोध चुना गया। निर्वाचित पदाधिकारियों में चेयरमैन पुष्प तेवतिया, अध्यक्ष उमा डी सिंह, उपाध्यक्ष आरती आर्य, विभूति, जर्नल सेकेट्री अंजू बंसल, ज्वाइंट सेकेट्री सुनेना सिंह, कोषाध्यक्ष गीता, सदस्य अंजू श्रीवास्तव, निशा जैन, सलाहकार ईशा बंसल निर्विरोध चुनी गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पुष्पा तेवतिया व गाजियाबाद बधिर एसोसिएशन के अध्यक्ष पार्षद नीरज गोयल सीताराम बाजार वालों ने नवनिर्वाचित कमेटी को फूल देकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी मूक बधिर महिलाओं को न्याय व अधिकार दिलवाने का आश्वासन दिया।




# कौन-सी चौकी चल रही कागजों में

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो अब चीजें अंडर द कंट्रोल चल रही हैं, पर कुछ मामले अभी भी सुनाई दे जाते हैं जो चर्चा में आ जाते हैं। पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि बीते दिनों सिटी और नदियापार के इलाके में लगातार कई चौकियां खोली गई थीं। अब बताया जा रहा है कि इनका मकसद अपराध नियंत्रण को लेकर है लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी में खोली गई एक चौकी जो लगभग बीते दो महीनों के बाद भी कागजों में ही चल रही है। पुलिस से जानकारी सुनने में आई है कि वहां वैसे तो 2023 बैच वाले टू-स्टार तैनात हो गए, पर अभी तक चौकी का क्षेत्रफल और इलाके का बंटवारा नहीं हो पाया है। बताते हैं कि सर्किल वाले ऑफिस के एक खास टू-स्टार ध्यान नहीं देते तो मामला ठंडे बस्ते में चल रही है। जिसकी वजह से चौकी पर भीड़ तो रहती है, पर पुलिस भी पहुंचती है लेकिन अधिकांश काम अभी पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। अब सवाल उठ रहा है कि अगर सिटी वाले इस चौकीक्षेत्र में कोई घटना, दुर्घटना या बड़ा अपराध हो गया, तो वह लिखा कहां जाएगा। उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।




हालांकि सर्किल वाले अधिकारी को भी समय हो गया है। तो वहीं थाने के प्रभारी भी एक महीने पुराने हो लिए हैं, पर अभी भी इस थाने की चौकी को लेकर कोई अटेंशन और अलर्ट मोड नहीं हो पा रहा है। कहा जा रहा है कि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। तो घटनाओं की संख्या में इजाफा भी होना है, लेकिन अभी तक जिस तरीके से अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं गया है, वह भी बड़ी चिंता की बात है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले साहब के ऑफिस में टू-स्टारों के लिए योजना बन चुकी है। अब उस योजना को कब्ज कमिश्नरेट में उतारा जाएगा, यह देखना अभी बाकी है। तो वहीं एक- दो चौकी में थोड़ा बहुत फेरबदल भी सुनने को मिला है। अब देखना होगा कि सिटी वाले जोन में टू-स्टारों वाली लिस्ट इसी साल आएगी या अगले साल का वेट करवाया जाएगा। कुल मिलाकर जिस तरीके से सिटी वाले थाने की चौकी का मामला अटका हुआ है, इस पर अधिकारियों को जल्द सॉल्यूशन निकालना चाहिए ताकि पुलिस और जनता दोनों ही परेशान ना हों और बेहतर काम होता रहे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों चौकी जो केवल कागजों में चल रही है, वह चर्चा का विषय बनी हुई है।

# आईआईटी रोपड़ व डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय ने इनोवेशन और एक्सीलेंस के लिए स्ट्रेटेजिक कोलैबोरेशन की घोषणा की




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रोपड़ (आईआईटी रोपड़) और डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर ने एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर साइन करके एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की है। इस कोलैबोरेशन का मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट के एरिया में एकेडमिक और रिसर्च कैपेबिलिटी को मजबूत करना है। एमओयू पर साइन करने वालों में प्रो. राजीव आहूजा (डायरेक्टर, आईआईटी रोपड़), डॉ पुष्पेंद्र पी सिंह (डीन (कैपश), आईआईटी रोपड़), डॉ पीएन ऋषिकेशा (वाइस चांसलर, डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय), अजय प्रजापति (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर, डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय) शामिल रहे।

इस कोलेबोरेशन में इनोवेशन से चलने वाली एजुकेशन और रिसर्च को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई कई खास पहलें शामिल हैं जिनमें एआई माइनर प्रोग्राम, जिसे इंडस्ट्री और एकेडमिक जरूरतों को जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है, हैंड्स-ऑन लर्निंग और एडवांस्ड रिसर्च के लिए एक कटिंग-एज सीपीएस लैबोरेटरी की स्थापना, स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना, जिसमें इनक्यूबेशन सपोर्ट, फंडिंग सपोर्ट और एक्सपर्ट मेंटरशिप शामिल है। इसके अलावा स्किल डेवलपमेंट और कोलेबोरेटिव रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम भी इसमें शामिल किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस पार्टनरशिप के जरिए, दोनों इंस्टीट्यूशन का मकसद फ्यूचर-रेडी टैलेंट को बढ़ावा देना, इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देना और ऐसी टेक्नोलॉजिकल तरक्की को आगे बढ़ाना है जो असल दुनिया की चुनौतियों का सामना कर सकें।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हमेशा उपलब्धियां एक सुकून देती हैं। परिवार में नई कार आई तो इस खुशी को भाजपा नेता परमिंदर जांगड़ा ने अपने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों के साथ फेसबुक पर साझा किया। खुशियों से भरी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# सिडनी में अधेड़ पिता और 24 वर्षीय बेटे के सिर पर खून सवार हुआ, 50 से ज्यादा यहूदी घरों में मातम..

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के समुद्री तट पर गोलीबारी में 16 लोगों की मौत हुई है, जबकि 40 लोग घायल बताए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने आतंकी हमला करार दिया है। इस मामले में एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है, जो पाकिस्तान मूल का रहने वाला बताया जा रहा है। तस्वीरों में देखिए गोलीबारी के बाद कैसे रहे हालात-



ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। गाजा में इस्राइल की कार्रवाई के बाद यहूदी समुदाय के खिलाफ घटनाओं में वृद्धि देखी गई थी। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहूदी विरोधी भावना के बारे में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंटोनी अल्बनीज को चेताया भी था। सिडनी हमले से यह आशंका सच साबित हुई। आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई। उत्सव मनाने के लिए जुटे लोगों को जहां-तहां भागकर जान बचानी पड़ी।

नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को चेतावनी दी थी कि देश की नीतियां यहूदी-विरोधी भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने गोलीबारी को क्रूर हत्या बताया और कहा कि जब नेता चुप रहते हैं तो यहूदी-विरोधी भावना फैलती है। उन्होंने कहा, आपको कमजोरी की जगह कार्रवाई करनी होगी। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी यह कोई पहले घटना नहीं है। यहूदियों के खिलाफ आक्रामकता की शुरूआत अक्तूबर 2023 में ही हो गई थी, हमास ने इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके कुछ ही दिनों बाद सिडनी में एक यहूदी बेकरी के सामने लाल रंग का उल्टा त्रिकोण स्प्रे से बनाया गया।

हमास के खिलाफ इस्राइल ने जबावी सैन्य कार्रवाई शुरू की तो यहूदी विरोधी घटनाओं में और तेजी आई। उसके बाद फिर यह सिलसिला चलता रहा। यहूदियों से जुड़े स्थलों पर हमले किए गए, दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। इन घटनाओं के बाद से यहूदी माता पिता अपने बच्चों को डे केयर भेजने से डरने लगे थे। कई यहूदी स्कूलों ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है। हालात को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने पिछले वर्ष यहूदी विरोध से निपटने के लिए अपना पहला विशेष दूत नियुक्त किया था।

ऑस्ट्रेलिया की कुल 2.70 करोड़ आबादी में करीब 1.50 लाख यहूदी समुदाय के लोग हैं। यह समुदाय संख्या में छोटा है, लेकिन समाज में गहराई से जुड़ा हुआ है. अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब एक तिहाई लोग सिडनी के पूर्वी उपनगरों में रहते हैं, जिनमें बोंडाई क्षेत्र भी शामिल है। रविवार को हुए हमले के पास मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि यहूदी होना पिछले कुछ वर्षों में बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। शायद एक दिन उन्हें इस्राइल जाना पड़े। इस्राइल यहूदियों के लिए अब वही दुनिया में एकमात्र सुरक्षित जगह नजर आने लगी है। ऑस्ट्रेलियाई तट पर यहूदियों पर हमला करने वाले एक आतंकी की पहचान नवीद अकरम के रूप में हुई है।

## बच्चों और बुजुर्गों को बनाया निशाना

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, यह गोलीबारी आठ दिवसीय यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली शाम को हुई। बंदूकधारियों ने उस वक्त गोलीबारी शुरू कर दी, जब यहूदी त्योहार की शुरूआत के उपलक्ष्य में समुद्र तट पर आयोजित एक कार्यक्रम के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे। एक चश्मदीद ने बताया कि हमलावरों ने बच्चों और बुजुर्गों को अंधाधुंध निशाना बनाया। एक अन्य चश्मदीद ने बताया कि उसने लोगों को जमीन पर पड़े देखा और हर जगह खून बिखरा हुआ था। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें से एक में समुद्र तट और पास में मौजूद लोग गोलियों की तड़तड़ाहट और पुलिस वाहनों के सायरन की आवाज सुनकर इधर-उधर भागते दिखाई दे रहे हैं। एक अन्य व्यक्ति को पैदल यात्री पुल से बंदूक चलाते हुए देखा गया। एक अन्य वीडियो में वर्दीधारी पुलिसकर्मी एक छोटे पैदल यात्री पुल पर दो पुरुषों को जमीन पर दबाते नजर आ रहे हैं। पुलिसकर्मी इनमें से एक को होश में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## शख्स ने एक आतंकी की बंदूक छीनकर उसी पर तानी

सोशल मीडिया पर वायरल एक अन्य वीडियो में काले रंग की कमीज पहने एक व्यक्ति को बड़ी बंदूक चलाते हुए देखा जा सकता है। सफेद टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति हमलावर के पीछे गाड़ियों की वोट में छिपा है। मौका पाते ही वह हमलावर पर हमला करता है और पीछे से उसे दबोच लेता है। इसके बाद वह हमलावर की बंदूक छीनकर उसी पर तान देता है।

# मोरक्को-अल्जीरिया सीमा पर ठंड से 9 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत मानवाधिकार समूहों ने जताई चिंता

**रबात।** मोरक्को के रास असफूर में सर्दियों की कड़ाके की ठंड के कारण नौ अफ्रीकी प्रवासी मारे गए, जिनमें सात पुरुष और दो महिलाएं शामिल थीं। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि उनके थके शरीर अत्यधिक ठंड सहन नहीं कर सके। मृतकों में एक गिनी का प्रवासी था, बाकी सब-सहारन अफ्रीका से।

मोरक्को से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां अल्जीरिया सीमा के पास रास असफूर इलाके में बेहद ठंडे मौसम के कारण नौ अफ्रीकी प्रवासी की मौत हो गई है। मरने वालों में सात पुरुष और दो महिलाएं शामिल थीं। ऐसे में मोरक्को के मानवाधिकार संगठन ने चिंता जताते हुए कहा कि उनके थके हुए शरीर अत्यधिक ठंड सहन नहीं कर सके। जानकारी के अनुसार, इनमें से एक प्रवासी गिनी का था, जबकि बाकी लोग सब-सहारन अफ्रीका के विभिन्न देशों से थे। उनकी पहचान के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं मिली है। मोरक्को की आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले पर तुरंत कोई बयान नहीं दिया।



**मानवाधिकार समहों ने जताई चिंता:** इन प्रवासियों की मौत पर मानवाधिकार समूह ने कहा कि मरने वाले छह शव पिछले हफ्ते दफन किए गए और दो शव संबंधियों की मांग पर रखे गए। मोरक्को के अन्य मानवाधिकार संगठन ने इस हफ्ते सीमाओं को मानवतावादी बनाने, अवैध प्रवास और निवास को अपराध नहीं मानने और गायब हुए प्रवासियों पर निगरानी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि रास असफूर जैसी त्रासदियों से बचा जा सके।

**हर साल होता है हजारों प्रवासियों का प्रवेश:** बता दें कि हर साल हजारों प्रवासी बेहतर जीवन की तलाश में उत्तरी अफ्रीका से यूरोप की ओर अवैध रूप से जाने की कोशिश करते हैं।

# 30 वर्षीय युवक ने दो लोगों को चाकू मारा, फुकुओका शहर में पुलिस ने दबोचा

**टोक्यो।** जापान के फुकुओका में HKT48 एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स में 30 वर्षीय संदिग्ध ने 44 वर्षीय पुरुष और 27 वर्षीय महिला को छुरी मारी। पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया और मामले की हत्या के प्रयास के रूप में जांच शुरू की है।




जापानी पुलिस ने सोमवार को फुकुओका शहर में ლडळ48 के एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स में हुई छुरी मारने की घटना के संदिग्ध को गिरफ्तार किया। इस हमले में दो लोग घायल हुए हैं। हालांकि अब उनकी हालत ठीक है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय संदिग्ध ने रविवार को 44 वर्षीय पुरुष को छाती में छुरी मारी। घायल पुरुष ლडळ48 थिएटर में काम करते थे। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, जब उन्होंने संदिग्ध को अनधिकृत क्षेत्र में देखा और उसे बाहर जाने के लिए कहा, तो यह हमला हुआ।

### सनकी युवक ने महिला को भी मारी छुरी

इतना ही नहीं संदिग्ध ने 27 वर्षीय महिला को भी एक लिफ्ट हॉल में पीठ पर छुरी मारकर घायल किया और फिर वहां से फरार हो गया। पुलिस इस मामले की हत्या के प्रयास के रूप में जांच कर रही है, लेकिन उन्होंने संदिग्ध के मोटिव के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी।

### रद्द किया गया फैन इवेंट

बता दें कि HKT48 ने इस घटना के चलते रविवार रात का फैन इवेंट रद्द कर दिया। जापान में हिंसक घटनाएं बहुत कम होती हैं, क्योंकि वहां कड़े गन नियंत्रण कानून हैं। फिर भी हाल के वर्षों में कुछ मामलों में छुरी और घरेलू विस्फोटकों का इस्तेमाल देखा गया है।

# एच-1बी और एच-4 वीजा आवेदकों के लिए सोशल मीडिया जांच का नियम आज से लागू, पब्लिक करनी होगी प्राइवेसी सेटिंग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन 15 दिसंबर यानी आज से एच-1बी और एच-4 वीजा आवेदकों की सख्त जांच करेगा और अनिवार्य रूप से उनकी सोशल मीडिया प्रोफाइल की समीक्षा करेगा। इसका मकसद वीजा प्रक्रिया को सख्त बनाना और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अब आवेदकों को अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल सार्वजनिक रखनी होगी, ताकि जांच आसानी से हो सके।

अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन 15 दिसंबर से एच-1बी वीजा और उसके आश्रित एच-4 वीजा आवेदकों के लिए कड़ी स्क्रीनिंग (जांच) प्रक्रिया लागू करेगा। इसके तहत अब इन वीजा श्रेणियों के सभी आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल की भी जांच की जाएगी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि इस फैसले का उद्देश्य वीजा प्रक्रिया को और अधिक सख्त




तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के अनुरूप बनाना है। नए निर्देशों के तहत इन सभी श्रेणियों के आवेदकों को अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल की प्राइवेसी सेटिंग पब्लिक रखने के लिए कहा गया है, ताकि जांच प्रक्रिया सुचारु रूप से की जा सके।

विदेश विभाग के अनुसार, अब एच-1बी और एच-4 वीजा आवेदकों की ऑनलाइन मौजूदगी की समीक्षा अनिवार्य होगी। इससे पहले यह व्यवस्था केवल एफ, एम और जे श्रेणी के वीजा यानी छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स पर लागू थी। इस फैसले के बाद भारत में कई एच-1बी वीजा धारकों के साक्षात्कार पुनर्निर्धारित किए गए हैं। विदेश विभाग ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी वीजा कोई अधिकार नहीं, बल्कि एक विशेषाधिकार है और हर वीजा निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा होता है।

विभाग ने कहा कि सभी उपलब्ध सूचनाओं का इस्तेमाल यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि कोई भी आवेदक अमेरिका की सुरक्षा या सार्वजनिक हित के लिए खतरा न बने। यह कदम ट्रंप प्रशासन की सख्त आव्रजन नीति का हिस्सा है।

प्रशासन पहले ही एच-1बी वीजा कार्यक्रम में कथित दुरुपयोग को रोकने के लिए कई उपाय कर चुका है। भारतीय पेशेवर, विशेषकर आईटी विशेषज्ञ और डॉक्टर, एच-1बी वीजा धारकों का बड़ा हिस्सा हैं।

इस निर्णय से भारतीय पेशेवरों में चिंता बढ़ गई है। सबसे अधिक भारतीय आईटी पेशेवर एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करते हैं। इसी महीने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में एच-1बी वीजा के लिए नियम में बदलाव पर कहा था कि वीजा आवेदकों की जांच मेजबान देश का अधिकार है।

उन्होंने कहा, वीजा जारी करना किसी सरकार का संप्रभु अधिकार है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की स्थिति स्पष्ट है। अमेरिकी सरकार के अनुसार हर वीजा पर निर्णय एक राष्ट्रीय सुरक्षा का फैसला है। जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी सरकार आवेदकों की ऑनलाइन गतिविधियों की जांच करने का इरादा रखती है।

# 'डरने की जरूरत नहीं, गर्व के साथ हनुक्का मनाएं'

### ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर गोलीबारी के बाद बोले ट्रंप

**वॉशिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव के दौरान हुई गोलीबारी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यहूदी समुदाय से कहा कि उन्हें डरने के बजाय गर्व के साथ जश्न मनाना चताहिए। इस हमले में 16 लोगों की मौत और 40 के घायल होने की पुष्टि हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हनुक्का (यहूदी त्योहार) मनाने वाले लोगों को डरने की जरूरत नहीं है और उन्हें गर्व के साथ जश्न मनाना चाहिए। यह बात उन्होंने तब कही जब ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के लोगों को गोलीबारी में निशाना बनाया गया। इस हमले में 16 लोगों की मौत हुई। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। फॉक्स न्यूज के एक पत्रकार ने ट्रंप से फोन पर बातचीत के बाद उनका संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का संदेश साफ है कि हनुक्का मनाने वालों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, उन्हें गर्व के साथ जश्न मनाना चाहिए और अपनी पहचान पर गर्व करना चाहिए।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ऑस्ट्रेलिया में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ी हुई हैं। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के मुताबिक, इसका मतलब है कि अगले 12 महीनों में किसी आतंकवादी हमले की योजना बनने या उसके अंजाम दिए जाने की संभावना 50 फीसदी से अधिक है। ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि देश की सुरक्षा स्थिति एक संवेदनशील दौर में प्रवेश कर चुकी है और नए तरह के खतरों का सामना कर रही है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि कम लागत में ऐसे हमले किए जा सकते हैं, आसानी से मिलने वाले हथियार और सरल तरीके इस्तेमाल होते हैं।

# अपदस्थ राष्ट्रपति यून ने सियासी विरोधियों को खत्म करने के लिए लगाया था मार्शल लॉ

**सिओल।** दक्षिण कोरिया की जांच एजेंसी ने कहा है कि अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक योल ने सत्ता पर पकड़ बनाए रखने और राजनीतिक विरोधियों को हटाने के लिए एक साल से ज्यादा समय तक मार्शल लॉ की साजिश रची थी। दिसंबर 2024 में लगाया गया मार्शल लॉ कुछ घंटों में ही खत्म हो गया, लेकिन इसके बाद यून का राजनीतिक पतन हो गया और अब वह जेल में हैं।

दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक योल ने अपने राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने और सत्ता पर एकाधिकार करने के लिए एक साल से अधिक समय तक मार्शल लॉ लगाने की साजिश रची थी। जांच एजेंसी ने सोमवार को यह परिणाम निकाला।



दिसंबर 2024 में यून ने मार्शल लॉ लगाया था। हालांकि यह कुछ ही घंटों तक लागू रहा। लेकिन इसके बाद उनकी सत्ता का तेजी से पतन हो गया। स्वतंत्र वकील चो यून-सुक ने छह महीने तक चली जांच के नतीजे घोषित किए। उन्होंने कहा कि योल और उनके सैन्य सहयोगियों पर उत्तर कोरिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के आदेश देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह सब जानबूझकर तनाव बढ़ाने और मार्शल लॉ लगाने के फैसले को जायज ठहराने के लिए किया गया।

चो ने कहा कि उत्तर कोरिया की ओर से कोई गंभीर प्रतिक्रिया न मिलने के बावजूद यून ने लिबरल पार्टी के नियंत्रण वाली संसद को 'राष्ट्र-विरोधी ताकत' बताकर मार्शल लॉ घोषित किया और कहा कि इन्हें तत्काल हटाना जरूरी है। यून की ओर से इस पर कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं आई। वह फिलहाल जेल में हैं और देशद्रोह जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े मुकदमों का सामना कर रहे हैं। यून लगातार यह कहते रहे हैं कि मार्शल लॉ का एलान उन्होंने मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ जनता का समर्थन जुटाने के लिए मजबूरी में किया था, क्योंकि वह उनकी नीतियों में बाधा डाल रही थी। इसी बीच, पुलिस ने सोमवार को यूनिफिकेशन चर्च के मुख्यालय पर छापेमारी की। यह कार्रवाई नेताओं के खिलाफ रिश्वतखोरी के अलग-अलग मामलों की जांच के तहत की गई। यून की पत्नी और इस चर्च से जुड़ी एक जांच की प्रक्रिया पिछले एक महीने से जारी है। चो ने कहा कि यून और उनके सैन्य सहयोगी अक्तूबर 2023 से पहले ही मार्शल लॉ लगाने की योजना बना रहे थे।

# होजे एंटोनियो कास्ट बने चिली के नए राष्ट्रपति 35 वर्षों बाद देश को मिली दक्षिण पंथी सरकार

**चिली।** चिली में राष्ट्रपति चुनाव में होजे एंटोनियो ने केंद्र-वाम गठबंधन की उम्मीदवार को हराकर शानदार जीत हासिल की है।

चिली में होजे एंटोनियो कास्ट ने राष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने केंद्र-वाम गठबंधन सरकार की उम्मीदवार जीनेट जारा को हराया है। उनकी जीत से देश में लंबे समय बाद दक्षिण पंथी सरकार के लिए रास्ता साफ हुआ है।



कास्ट को 58.2 प्रतिशत वोट मिले। उन्होंने चिली के लोगों से बढ़ते अपराध पर रोक लगाने, गैर कानूनी लाखों प्रवासियो को निर्वासित करने और लैटिन अमेरिका की सुस्त अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के वादा किया। इसके कारण उन्हें अपने प्रतिपक्ष से ज्यादा वोट मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी और वामपंथी उम्मीदवार को 41.8 प्रतिशत वोट मिले थे। गैब्रियल बोरिक की सरकार में श्रम मंत्री रह चुकी जारा ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्लोकतंत्र जोरदार और साफ बात कहता है। चिली की राजधानी सैंटियागो के डाउनटाउन में एक पब्लिक स्क्वायर पर भाषण के दौरान, उन्होंने कहा कि वे नतीजे से निराश न हों। उन्होंने कहा, 'हार से ही हम सबसे ज्यादा सीखते हैं।

मतदान खत्म होने के दो घंटे से भी कम समय में कास्ट को विजेता घोषित कर दिया गया। उनके प्रवक्ता, आटुरो स्क्वेला ने कहा कि पार्टी 'चिली जिस मुश्किल से गुजर रहा है, उसे संभालने की बड़ी चुनौती एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पार्टी गंभीरता से लेगी।'

**राजनीति का हवा बदलने का संकेत:** बड़े बदलाव की मांग करने वाले चिली के लोग अकेले नहीं हैं। कास्ट का चुनाव उन चुनावों की कड़ी में सबसे नया है, जिन्होंने लैटिन अमेरिका में मौजूदा सरकारों को हटा दिया है, अर्जेंटीना से लेकर बोलीविया तक दक्षिण पंथी नेताओं को सत्ता में लाया है, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वेस्टर्न हेमिस्फेयर में अमेरिकी दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे हैं, कई मामलों में दुश्मनों को सजा दे रहे हैं और साथियों को इनाम दे रहे हैं।

# 2035 के इंजन प्रतिबंध पर नरमी की तैयारी

**नई दिल्ली।** ईवी 2035 के कम्बशन-इंजन बैन में ढील देने की योजना बना रहा है, जिससे ऑटोमोबाइल कंपनियों को राहत मिलेगी। लेकिन इससे इलेक्ट्रिक वाहन की प्रगति धीमी हो सकती है, राजनीतिक विरोध हो सकता है और टेक्नोलॉजी का गैप बढ़ सकता है।

यूरोप का ऑटोमोबाइल उद्योग इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है और उत्सर्जन-मुक्त परिवहन की ओर संक्रमण उसकी सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। इसी बीच यूरोपीय संघ (ईयू) 2035 से नए कंबशन इंजन वाहनों पर लगने वाले प्रतिबंध को लेकर अपने सख्त रुख में नरमी लाने पर विचार कर रहा है। यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है, जब यूरोप की बड़ी वाहन कंपनियां भारी निवेश, कमजोर मांग और संभावित जुर्मानों के दबाव से जूझ रही हैं। यूरोपीय संघ के भीतर चल रही चचाओं से संकेत मिलते हैं कि 2035 में प्रस्तावित पूर्ण प्रतिबंध को लेकर कुछ छूट या लचीले प्रावधान जोड़े जा सकते हैं।

# हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक जिमी लाई दोषी पाए गए

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक और मीडिया उद्योगपति रहे जिमी लाई को एक मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दोषी ठहराया गया है, जिससे उन्हें उम्रकैद हो सकती है। उन पर विदेशी ताकतों के साथ साजिश और राष्ट्रविरोधी लेख प्रकाशित करने के आरोप थे, जिन्हें उन्होंने खारिज किया। अब 12 जनवरी से चार दिन की सुनवाई होगी, जिसमें उन्हें कम सजा देने के लिए दलीलें पेश करने का मौका मिलेगा।

हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक और बीजिंग के मुखर आलोचक जिमी लाई को शहर की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के एक मामले में दोषी ठहराया, जिससे उन्हें उम्रकैद हो सकती है।

### अगस्त 2020 में गिरफ्तार हुए थे जिमी लाई

तीन जजों ने जिमी लाई (78 वर्षीय) को विदेशी ताकतों के साथ साजिश रचकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने और राष्ट्रविरोधी लेख प्रकाशित करने की साजिश के आरोप में दोषी ठहराया। हालांकि, जिमी लाई ने इन सभी आरोपों को खारिज किया



और खुद को निर्दोष बताया। लाई को अगस्त 2020 में बीजिंग की ओर से लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। यह कानून 2019 में बड़े विरोध प्रदर्शनों के बाद लागू किया गया था। पांच साल की हिरासत के दौरान लाई कई छोटे अपराधों के लिए भी सजा सुनाईगई और अब वे शारीरिक रूप से कमजोर और दुबले-पतले दिखाई दे रहे हैं।

### सुनवाई के दौरान पत्नी और बेटा भी था मौजूद

सुनवाई में लाई की पत्नी और बेटे के साथ हांगकांग के रोमन कैथोलिक कार्डिनल जोसेफ जेन भी मौजूद थे। लाई ने अपने परिवार की ओर सिर हिलाया और होंठ दबाए, फिर सुरक्षा कर्मी उन्हें कोर्ट रूम से बाहर ले गए। लाई का मुकदमा बिना जूरी के चला। अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और कुछ राजनीतिक विशेषज्ञ इस मुकदमे को बहुत ध्यान से देख रहे थे। वे देख रहे थे कि हांगकांग में मीडिया कितना स्वतंत्र है और अदालतें कितनी निष्पक्ष फैसले लेती हैं।

### लोकतंत्र समर्थक एपल डेली अखबार के संस्थापक थे जिमी

जिमी लाई का फैसला बीजिंग के कूटनीतिक संबंधों के लिए भी एक परीक्षा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन के साथ इस मामले को उठाया और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनकी सरकार ने लाई की रिहाई को प्राथमिकता बनाई है। अब बंद हो चुके लोकतंत्र समर्थक अखबार एपल डेली के संस्थापक जिमी लाई को विदेशी ताकतों के साथ मिलकर साजिश करने और राष्ट्रविरोधी सामग्री प्रकाशित करने के दो- दो आरोपों में दोषी ठहराया गया। हांगकांग के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेशी ताकतों के साथ मिलकर साजिश करने का आरोप में उन्हें तीन साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है, जबकि राष्ट्रविरोधी लेख प्रकाशित करने के आरोप में अधिकतम दो साल की जेल हो सकती है। 12 जनवरी से जिमी लाई के पक्ष में चार दिन की सुनवाई होगी, जिसमें उन्हें कम सजा देने के लिए दलीलें पेश करने का मौका मिलेगा।

## चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक रहे

एपल डेली हांगकांग सरकार और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की मुखर आलोचक थी। 2021 में पुलिस ने इसके कार्यालय पर छापा मारा और वरिष्ठ पत्रकारों को गिरफ्तार किया, साथ ही अखबार की संपत्ति को जब्त कर दिया। 156 दिन तक चले मुकदमे में अभियोजन पक्ष ने लाई पर आरोप लगाया कि उन्होंने एपल डेली के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकर विदेशी ताकतों से हांगकांग या चीन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की साजिश की। अभियोजन ने यह भी दावा किया कि लाई ने जुलाई 2019 में अमेरिकी के तत्कालीन उपराष्ट्रपति माइक पेंस और विदेश मंत्री माइक पोंपियो से मुलाकात कर यह साजिश रची। अभियोजन ने 161 प्रकाशनों को साक्ष्य के रूप में पेश किया, जिसमें एपल डेली के लेख, सोशल मीडिया पोस्ट और टेक्स्ट संदेश शामिल थे।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.)
Toll Free No. 18001808296, वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पंत्राक : वाई.ई.ए/भूलेख/त.-MS/1053/2025 दिनांक 11.12.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की आबादी भूमि आबंटन विनियमावली के अनुसार ग्राम गुनपुरा के 173.2300हे. अधिग्रहीत के सापेक्ष 07 प्रतिशत (आबादी भूखण्ड) दिनांक 26.11.2025 को प्राधिकरण के सभा कक्ष में 12:00 बजे को किया जाना निर्धारित किया गया था, परन्तु कतिपय कारणों से उक्त तिथि को ड्रा नहीं कराया जा सका। अतः ड्रा दिनांक 16.12.2025 को प्राधिकरण के सभा कक्ष में 12:00 बजे किया जाना निर्धारित किया गया है। ग्राम गुनपुरा के 173.2300हे. अधिग्रहीत भूमि से संबंधित काश्तकार नियत तिथि/स्थान व समय पर उपस्थित रहने का कष्ट करें ताकि आपके समक्ष उक्त भूखण्डों की ड्रा की कार्यवाही निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्वक पूर्ण की जा सके।

डिप्टी कलेक्टर
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध हैं। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद - फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।




# गाजियाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी

## समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के आयोजन में दी गई लौह पुरुष को श्रद्धांजलि











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के तत्वावधान में रविवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कविनगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व गाजियाबाद महानगर महामंत्री एवं संस्था के संरक्षक पप्पू पहलवान ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके पश्चात एंजेल डांस अकैडमी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरदार पटेल के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

विचार गोष्ठी में सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पृथ्वी सिंह, पूर्व विधायक व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व राज्य मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व मेयर आशु वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, व्यापार मंडल प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को 'लौह पुरुष' की उपाधि उनके अटूट संकल्प, दृढ़ इच्छाशक्ति और स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में बाँधने की ऐतिहासिक भूमिका के कारण मिली। उन्होंने रियासतों के एकीकरण के माध्यम से भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया।

कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब उनके विचारों को जीवन में उतारते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा जाए और देश को एक सूत्र में बाँधने के उनके संकल्प को आगे बढ़ाया जाए।

### संगठनात्मक नेतृत्व में पप्पू पहलवान की प्रभावी भूमिका

**करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के संरक्षक एवं गाजियाबाद महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित और गरिमामय बनाया। सामाजिक एवं वैचारिक आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रपुरुषों के विचारों को समाज तक पहुँचाने का उनका प्रयास उल्लेखनीय रहा। उपस्थित जनसमूह ने उनके नेतृत्व और सक्रियता की सराहना की।

### सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार – सांसद अतुल गर्ग



**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत के निर्माता और राष्ट्रीय एकता के मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने 562 से अधिक रियासतों को भारत संघ में शामिल कर देश की अखंडता को सुदृढ़ किया। उनका जीवन दृढ़ संकल्प, अनुशासन और राष्ट्रहित के प्रति पूर्ण समर्पण का उदाहरण है।

### मजबूत नेतृत्व से ही बनता है सशक्त राष्ट्र – अनिल अग्रवाल

**करंट क्राइम।** पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि सरदार पटेल का नेतृत्व आज भी देश के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेने की क्षमता ही उन्हें लौह पुरुष बनाती है। पटेल का योगदान भारतीय इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा।

### 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का विचार आज भी मार्गदर्शक – पृथ्वी सिंह

**करंट क्राइम।** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पृथ्वी सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा दिया गया 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश आज के समय में और अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए पटेल के विचारों को व्यवहार में उतारना आवश्यक है।

## गाजियाबाद में सीएम ग्रेड फेज-2 के तहत सड़क विकास कार्यों का शिलान्यास आज

### इंदिरापुरम को मिलेगी करोड़ों की सौगात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में यातायात सुगमता और हरित सड़क विकास के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रेड) फेज-2 के तहत विभिन्न मार्गों के कार्यों का शिलान्यास 16 दिसंबर मंगलवार को काला पत्थर रोड, आर्यन चौक, इंदिरापुरम में होगा।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा होंगे, जबकि महापौर सुनीता दयाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। तो वहीं गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। योजना में बालाजी मंदिर से कावेरी मार्ग, काला पत्थर रोड, सुशिला नगर मार्ग, शहीद कैप्टन मनोज पांडेय मार्ग, वैशाली व कौशांबी क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का विकास शामिल है।

अंडर चौक से कौशांबी बस स्टैंड और ईडीएम मॉल के पीछे से चौधरी चरण सिंह मार्ग तक सड़क सुधार भी प्रस्तावित हैं। नगर निगम के अनुसार कार्यों से यातायात सुगम होगा, हरित क्षेत्र बढ़ेगा और शहर का सौंदर्यीकरण होगा।

## लक्ष्य एक फाउंडेशन के तत्वाधान में नारी शक्ति पर जागरूकता सेमिनार आयोजित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लक्ष्य एक फाउंडेशन ने आज खोड़ा के राजीव विहार में नारी शक्ति विषयक एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वावलंबन और सामाजिक सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था।

सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में आरती भाटी सुषमा गंगवार शिल्पी सिंह पिंक बूथ प्रभारी रेनू ने भाग लिया। उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, फाउंडेशन की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले कौशल विकास कार्यशालाओं और माइक्रो क्रेडिट योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में लगभग 50 महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें छात्राएँ, कार्यरत महिलाएँ और घरस्थ महिलाएँ शामिल थीं। उपस्थित लोगों ने प्रश्न- उत्तर सत्र में अपनी समस्याएँ साझा कीं और समाधान पर चर्चा की।

सेमिनार के अंत में फाउंडेशन के अध्यक्ष सुषमा गंगवार ने कहा, ह्लहमारा लक्ष्य है कि हर महिला अपने अधिकारों को जानकर आत्मनिर्भर बनें और समाज में बराबर योगदान दें।इस तरह के कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

## एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्य ने डासना में गौशाला व रैन बसेरा का किया निरीक्षण

### व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनएनपी डासना स्थित गौशाला एवं रैन बसेरा का एडीएम प्रशासन गाजियाबाद ज्योति मौर्य ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। यहाँ महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग रैन बसेरा संचालित पाया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि रैन बसेरा में रुकने वाले प्रत्येक आगंतुक की आईडी एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाएँ। बताया गया कि रैन बसेरा में कल से लोग आकर रुक भी रहे हैं।

गौशाला निरीक्षण के दौरान कुल 80 गौवंश संरक्षित पाए गए। एडीएम प्रशासन ने गौवंश के आसपास नियमित सफाई, समय से टीकाकरण एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गौशाला प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएँ मानकों के अनुरूप बनाए रखने तथा नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, ताकि जरूरतमंदों को रैन बसेरा में और गौवंश को गौशाला में बेहतर सुविधाएँ मिल सकें।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने अभियंत्रण अनुभाग के कार्यों की समीक्षा की




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अभियंत्रण अनुभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि किसी भी नए कार्य की शुरूआत से पूर्व एस्टिमेट तैयार करने की प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाने के लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर विकसित किया जाए, जिससे एस्टिमेट तैयार करने में अनावश्यक विलंब न हो। इसके साथ ही उन्होंने वर्क मॉनिटरिंग के लिए एक समर्पित पोर्टल तैयार किए जाने के निर्देश भी दिए।

टेंडर स्वीकृति की प्रक्रिया में समय की बचत एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर से संबंधित समस्त कार्यवाही को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अवर अभियंता स्तर से एस्टिमेट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत किया जाए। यदि किसी अवर अभियंता द्वारा एस्टिमेट तैयार करने में अनावश्यक देरी की जाती है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे कार्य से हटाया जाएगा। उपाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित की जाए तथा उसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्य में विलंब की स्थिति में संबंधित ठेकेदार एजेंसी पर नियमानुसार जुर्माना लगाए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान ग्रैप के नियमों का सख्ती से पालन किया जाए, ताकि पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन न हो। कलाल ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## क्रेन का हुक टूटने से दो की दर्दनाक मौत, दो गंभीर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निवाड़ी थानाक्षेत्र के सिबली औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार शाम ऑटो पार्ट्स फैक्ट्री में क्रेन के नीचे दबने से दो कामगारों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय लोहे के फ्रेम उठाए जा रहे थे, तभी क्रेन का हुक टूट गया।

मृतक मुरादनगर के प्रीत विहार निवासी 45 वर्षीय आजाद और मलिक नगर के 19 वर्षीय शाहिद अंसारी। घायल कामगार अयान और सलीम को हायर सेंटर रेफर किया गया। मौत की जानकारी पर परिजन फैक्ट्री में पहुंचे और कार्रवाई व मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझा कर दो घंटे के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसीपी मोदी नगर अमित सक्सेना का कहना है कि कामगारों ने बताया कि क्रेन की बेल्ट पुरानी और कमजोर थी और कई बार बदलने की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है।

## यति नरसिंहानंद गिरी ने ऑस्ट्रेलिया नरसंहार पर दी कड़ी प्रतिक्रिया

### बोले, मुसलमानों को सभ्य समाज से दूर रखे संयुक्त राष्ट्र संघ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना गाजियाबाद से श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने अपने शिष्यों श्रीमहंत यति रणसिंहानंद, यति अभयानंद और मोहित बजरंगी के साथ एक वीडियो जारी करके ऑस्ट्रेलिया में इस्लाम के जिहादियों द्वारा कल किए गए जघन्य नरसंहार पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने वीडियो में कहा है कि इस तरह से संपूर्ण विश्व में बिना किसी कारण के निर्दोष नागरिकों को केवल इस्लाम के जिहादी ही मार सकते हैं। इस्लाम के जिहादी यह कार्य पिछले चौदह सौ वर्षों से अनवरत कर रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि मुसलमानों को सभ्य समाज से दूर रखा जाए।

यह कार्य संयुक्त राष्ट्र संघ को प्राथमिकता के आधार पर करवाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए वो विश्व के सभी गैर मुस्लिम राष्ट्रध्यक्षों को पत्र भी लिखेंगे।

## शालीमार गार्डन के मंगल पांडे चौक पर फॉर्म-6 कैंप में उमड़ी भीड़, 1500 फॉर्म जमा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन के मंगल पांडे चौक पर फॉर्म 6 कैंप लगाया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में लोग अपनेअपने फॉर्म लेने के लिए उमड़ पड़े, लेकिन कई लोग फॉर्म भरकर ही लौटे। जो लोग अभी अभी शालीमार में आए थे, उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं था, इसलिए उन्हें तुरंत फॉर्म भरवाया गया। कुल मिलाकर सोमवार को लगभग 1500 फॉर्म जमा किए गए।

इस अवसर पर पवन रेड्डी, मनोज अधिकारी, निधि उपाध्याय, हिंदू तोमर, जुगल किशोर, एसबी श्रीवास्तव, गौरव गौरांग, सुनील त्यागी, अनिल सिंह, अमित रेड्डी, सुभाष नागी, सुमित खुराना आदि प्रमुख नागरिक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह के कैंप से नई आवाजें लोकतंत्र में शामिल हो रही हैं और मतदान प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाया जा रहा है। आगे भी ऐसे आयोजन जारी रहने की उम्मीद है।

## स्विफ्ट कार में लगी आग वाहन जलकर खाक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार की रात इंदिरापुरम थाना क्षेत्र लिंक रोड पर प्रहलादगढ़ी ऑन रोड अचानक एक स्विफ्ट कार में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें तेजी से फैल गईं। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। दमकल विभाग का कहना है की गनीमत रही, इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया, लेकिन समय रहते कार्रवाई के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।